संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 238
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शनिवार 31 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



मोदी चौथी बार भी पीएम बनेंगे

अमित शाह का ऐलान, यूपी में भाजपा वालों से एक आह्वान

लखनऊ, संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के ताकतवर पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री ने ऐलान कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद चौथी बार भी देश के पीएम बनेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक में शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में लखनऊ से देश को एक तरह से संदेश दिया है कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं और आगे भी सरकार का नेतृत्व उनके ही पास होगा। 76 साल के हो चुके पीएम मोदी के बाद भाजपा से प्रधानंत्री कौन को लेकर अटकलों के मद्देनजर अमित शाह का यह बयान काफी महत्वपूर्ण और इच्छुक लोगों की जिज्ञासा शांत करने वाला दो टूक मैसेज है। अमित शाह ने



भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया– 'जमीन पर काम करिए। मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं और आप लोग ऐसे ही डटे रहे तो चौथी बार भी बनेंगे और उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत की सरकार बनने से कोई रोक नहीं पाएगा।' अमित शाह ने नेताओं और कार्यकर्ताओं से आपसी मनमुटाव, सारी नाराजगी भूलकर 2027 के यूपी चुनाव के लिए जी जान से जुट जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार अंगद के पांव की तरह अडिग है, उसे कोई नहीं हिला सकता। उन्होंने दावा किया कि यूपी में अगले 30 साल तक भाजपा सरकार रहने वाली है और इसका श्रेय देवतुल्य मतदाताओं का है। शाह ने कहा कि मतदाता यदि फिर से सरकार बनाने का मौका देंगे, तो हम उत्तर प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करेंगे। अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की तारीफ की और कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश को माफिया और भ्रष्टाचार से बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि आज यूपी देश का इन्वेस्टर हब बन गया है, जहां 50 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश आया है और इसमें 15 लाख करोड़ का काम जमीन पर उतर चुका है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते 10 सालों में कई बड़े परिवर्तन हुए हैं। लूट की वारदातों में 74 फीसदी, डकैती में 80 फीसदी, दंगों में 70 फीसदी और रंगदारी के केस में 60 फीसदी की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि योगी ने लॉ एंड ऑर्डर सुधारा तो निवेश आया और इन्वेस्टमेंट के साथ रोजगार आया और फिर पलायन रुका।

गुजरात को बड़ी सौगात

पीएम मोदी ने बनासकांठा में पशु प्रजनन केंद्र का किया लोकार्पण



पालनपुर, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के बनासकांठा जिले के भीलड़ी में भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर (बीबीबीआरसी) का उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य देसी मवेशी नस्लों की गुणवत्ता में सुधार करना और दूध उत्पादन बढ़ाना है। राज्य के दो दिवसीय दौरे के तहत भीलड़ी पहुंचे प्रधानमंत्री ने इस केंद्र का दौरा किया और वहां के अधिकारियों से बातचीत कर इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 127 एकड़ में फैले इस केंद्र का निर्माण 325 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसकी स्थापना बनास डेयरी ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तकनीकी मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशन के सहयोग से की है। इस दौरान मोदी के साथ मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और बनास डेयरी के अध्यक्ष शंकर चौधरी भी मौजूद थे। चौधरी गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष भी हैं। बयान के मुताबिक, इस केंद्र में देसी मवेशी नस्लों की गुणवत्ता सुधारने और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए इन–विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) और भ्रूण प्रतिरोपण जैसी आधुनिक प्रजनन तकनीकों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसका लक्ष्य हर साल 25,000 उच्च गुणवत्ता वाले भ्रूण तैयार करना है। केंद्र में कांकरेज, गिर, साहीवाल और थारपारकर जैसी देसी गायों की नस्लों के साथ–साथ मेहसाणा, बन्नी, जाफराबादी और मुर्रा जैसी भैंसों की नस्लों पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पशुओं के रखरखाव की बढ़ती लागत और चारे की घटती उपलब्धता के बीच डेयरी किसानों को कम पशुओं से अधिक दूध उत्पादन करने में मदद करना है।

अनंत सिंह को अदालत से झटका, एक दिसंबर तक आत्मसमर्पण करने का मिला निर्देश

नयी दिल्ली, एजेंसी। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से निष्कासित विधायक अनंत सिंह को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दुलारचंद यादव हत्या मामले में उन्हें एक दिसंबर तक आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। सिंह को पिछले साल अक्टूबर में हुई इस हत्या की साजिश रचने के आरोप में पहले गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, पटना उच्च न्यायालय ने इस साल मार्च में उन्हें जमानत दे दी थी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने सिंह को मिली जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। पीठ ने बिहार पुलिस को मामले की जांच चार महीने के भीतर पूरी करने का भी निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को चार महीने बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। हाल ही में जदयू ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में मोकामा के विधायक अनंत सिंह और पूर्व विधायक नीलम देवी को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था।



जम्मू–कश्मीर में आतंकियों की मदद करने वाले 10 लोग गिरफ्तार, सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई

श्रीनगर, एजेंसी। आतंकवाद के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में सक्रिय आतंकी वित्तपोषण मॉड्यूल का पर्दाफाश किया और आतंकवादियों तक मदद पहुंचाने वाले 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी। आतंकवादियों तक मदद पहुंचाने वाले इन लोगों को श्ओवर ग्राउंड वर्कर्सश भी कहा जाता है। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े संदिग्ध वित्तीय नेटवर्क की गहन जांच के बाद ये गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने कहा, जांच के दौरान विभिन्न भुगतान मंचों के जरिये किए गए संदिग्ध ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन का विश्लेषण किया गया। इससे कई स्तरों पर धन के लेनदेन और उसके प्रवाह का पता लगाने में मदद मिली। अधिकारियों ने कहा, जांच में ऐसे लोगों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ, जिनके कथित तौर पर आतंकी वित्तपोषण में शामिल होने और अलग–अलग जेलों में बंद आतंकवादियों तथा उनके सहयोगियों से संबंध होने की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक आतंकवादियों तक मदद पहुंचाने वाले 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

कोलकाता के दक्षिणी इलाके की इमारत में आग लगने से मचा हड़कंप, राहत–बचाव कार्य जारी

कोलकाता, एजेंसी। दक्षिण कोलकाता की एक पॉश आवासीय इमारत की 28वीं मंजिल पर शुक्रवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की सात गाड़ियों को तैनात किया गया। आग सुबह करीब 9.15 बजे प्रिंस अनवर शाह रोड स्थित साउथ सिटी अपार्टमेंट्स के एक स्टोररूम में लगी थी। उन्होंने बताया कि परिसर के शॉपिंग मॉल के पास स्थित एक टावर में आग लगी थी और 40 मिनट के भीतर उस पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

बद्रीनाथ धाम से लौट रहा हेलीकॉप्टर क्रैश, छह लोग थे सवार

सीएम धामी ने घायलों को एयरलिफ्ट करने के दिए निर्देश

चमोली, एजेंसी। उत्तराखंड के चमोली जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। बद्रीनाथ धाम से लौट रहा एक हेलीकॉप्टर खराब मौसम के बीच क्रैश हो गया है। वहीं, खराब मौसम के बीच रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। चमोली प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रांस भारत एविएशन का हेलीकॉप्टर वीटी–एचसीएक्स बद्रीनाथ से देहरादून के लिए टेकऑफ किया था। हेलीकॉप्टर ने दोपहर 1.12 बजे बद्रीनाथ से उड़ान भरी थी। बताया जा रहा है कि बद्रीनाथ धाम और जोशीमठ के बीच यह हेलीकॉप्टर लापता हुआ है। आखिरी बार जोशीमठ के सामने हाथीपहाड़ के पीछे टॉप पर स्थित आर्मी पोस्ट के आसपास इसका संपर्क हुआ था। उसके बाद से हेलीकॉप्टर से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। मेडिकल टीम मौके पर रवाना हो गई है। हालांकि, हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की बात भी सामने आई। जानकारी के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में 6 लोग सवार थे। खराब मौसम के कारण रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। प्रशासन और आर्मी की टीमें सर्च ऑपरेशन में जुट गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, चाई गांव, जोशीमठ के निकट हेलीकॉप्टर के क्रैश होने की दुर्भाग्यपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, एसडीआरएफ द्वारा संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्वयं भी पूरे घटनाक्रम की निरंतर निगरानी कर रहा हूं। गंभीर रूप से घायलों को तत्काल एयरलिफ्ट कर बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। ईश्वर से यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं। बता दें कि बद्रीनाथ धाम भारत के उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में स्थित भगवान विष्णु को समर्पित एक अत्यंत प्रसिद्ध और पवित्र हिंदू मंदिर है। यह देश के चार धामों में से एक प्रमुख तीर्थस्थल है। इसे भू–वैकुंठ यानी धरती पर भगवान विष्णु का स्वर्ग भी कहा जाता है। पौराणिक मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु ने तपस्या की थी। मौसम के प्रकोप से उनकी रक्षा करने के लिए माता लक्ष्मी ने बद्री यानी बेरी के वृक्ष का रूप धारण किया था, जिसके कारण इस स्थान का नाम बद्रीनाथ पड़ा। यह स्थान भगवान विष्णु के अवतार ऋषि नर और नारायण की तपस्थली भी माना जाता है।



चक्रवात अर्नब की तबाही पर कांग्रेस का केंद्र से आग्रह, प्रभावित परिवारों के लिए की मांग

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने चक्रवात अर्नब से हुई तबाही पर चिंता जताते हुए शुक्रवार को केंद्र से आग्रह किया कि वह राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर राहत एवं पुनर्वास प्रयासों का नेतृत्व करे और सभी प्रभावित परिवारों को पीएम केयर कोष के जरिये समय पर सहायता सुनिश्चित करे। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करने का आह्वान भी किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि चक्रवात अर्नब के कारण आंध्र प्रदेश में लोगों की जान जाने और ओडिशा में जनजीवन बड़े पैमाने पर प्रभावित होने से अत्यंत व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। खड़गे ने कहा कि केंद्र सरकार को राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर राहत एवं पुनर्वास प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए और पीएम केयर कोष के माध्यम से सभी प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत प्रयासों में मदद करने का आग्रह किया।

आईआरसीटीसी घोटाला मामला, दिल्ली अदालत का बड़ा फैसला, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को 19 नवंबर को पेश होने का आदेश

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आईआरसीटीसी होटल घोटाले से जुड़े कथित धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी और पुत्र तेजस्वी यादव को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने से छूट प्रदान कर दी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में औपचारिक रूप से आरोप तय करने के लिए राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया। कार्यवाही के दौरान, राबड़ी देवी के वकील ने बताया कि वे स्वास्थ्य कारणों से अदालत में पेश होने में असमर्थ हैं। तेजस्वी यादव के मामले में, उनके वकील ने कहा कि उनकी फ्लाइट में देरी हो गई है और वे औपचारिकताएं पूरी करने के लिए दोपहर 2 बजे तक अदालत में पेश हो सकते हैं। हालांकि, अदालत ने दोनों को उस दिन के लिए छूट दे दी और मामले की अगली सुनवाई 19 नवंबर के लिए तय कर दी। सुनवाई के दौरान, लालू प्रसाद यादव के वकील ने अदालत को बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट ने उनके उस आवेदन पर ईडी को नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्होंने ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ आरोप तय करने के आदेश को चुनौती दी थी। वकील ने आगे बताया कि हाई कोर्ट ने उन्हें 3 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई तक ट्रायल कोर्ट से सुनवाई टालने का अनुरोध करने की छूट दी है। ट्रायल कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन आरोपियों को हाई कोर्ट से कोई रोक (स्टे) नहीं मिली है, उन्हें अगली सुनवाई की तारीख पर अदालत में पेश होना होगा। इस साल सितंबर में, राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (पीएसी एक्ट) विशाल गोगने ने लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए।



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां का निधन, दोपहर 3 बजे होगा अंतिम संस्कारं

भोपाल, एजेंसी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशी बाई का शुक्रवार को निधन हो गया। शिवराज सिंह चौहान की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी गई। शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पोस्ट में लिखा, श्आज हमारे पूरे परिवार के लिए अत्यंत दुःख और पीड़ा का दिन है। हमारी पूज्य माताजी श्रीमती काशी बाई जी हमें छोड़कर अनंत की यात्रा पर प्रस्थान कर गई हैं। मां का जाना जीवन में एक ऐसी रिक्तता छोड़ जाता है, जिसे कोई भर नहीं सकता। आज उनकी स्मृतियां मन को भावुक कर रही हैं। परमपिता परमेश्वर के श्रीचरणों में प्रार्थना है कि माताजी को अपने दिव्य धाम में स्थान प्रदान करें। पूज्य माताजी का अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे गृह ग्राम जैत, जिला सीहोर में होगा। मध्य प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट कर लिखा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पूज्य माताजी के निधन का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मां का जाना जीवन की ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी पीड़ा शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती। इस कठिन समय में मेरी गहरी संवेदनाएं शिवराज सिंह चौहान एवं उनके समस्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

राहुल गांधी का बड़ा आरोप: रामलीला मैदान की रैली में आने से रोके जा रहे लोग

नयी दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली विपक्ष की रैली से पहले बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि दूसरे राज्यों से दिल्ली आने वाले लोगों और कांग्रेस समर्थकों को कार्यक्रम में शामिल होने से रोकने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि इस रैली में विपक्षी दलों के अलावा सामाजिक संगठनों, नागरिक समाज, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सभी लोगों से एकजुट होने की अपील की। राहुल गांधी ने कहा कि 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली पर पूरे देश की नजर रहेगी। उन्होंने कहा, देखिए कि क्या होता है।



रामलीला मैदान आने वाली भीड़ और उसे रोकने की कोशिशों से देश के मौजूदा हालात का अंदाजा लग जाएगा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि देश के लाखों लोगों को उनके मतदान के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इसके कारण आम जनता में गुस्सा और भावनात्मक पीड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, उद्योगपति गौतम अडानी, मुकेश अंबानी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि इनके फायदे के लिए लोगों के वोट छीने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि रामलीला मैदान में होने वाला कार्यक्रम अलग–अलग राजनीतिक विरोधी प्रदर्शनों का हिस्सा नहीं, बल्कि एक साझा आंदोलन है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सभी दल इस मुद्दे पर एक साथ खड़े हैं। उनके मुताबिक, इस आंदोलन में किसी भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन या आम नागरिक के शामिल होने का स्वागत है। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार केवल चुनाव में वोट डालने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक भारतीय की आवाज और उसकी इच्छा को व्यक्त करने का माध्यम है। राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए सभी को मिलकर आवाज उठानी होगी। इससे पहले दिल्ली में खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण विपक्षी गठबंधन इंडिसा के प्रस्तावित महाभियोग कार्यक्रम को एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी ने बताया कि सभी नेताओं की सहमति से कार्यक्रम को शुक्रवार के बजाय शनिवार को आयोजित करने का फैसला लिया गया है।

संपादकीय

पर्यावरण अनुकूल पर्यटन

इसमें दो राय नहीं कि देश के पहाड़ी राज्यों के लिये पर्यटन उद्योग अब अर्थव्यवस्था को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। कह सकते हैं तमाम पारिस्थितिकीय चुनौतियों के चलते एक मजबूरी भी बन गया है। लेकिन इसमें दो राय नहीं है कि राजस्व सृजन और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के लिये, राज्य सरकारें एक कठिन राह पर चलना सीख रही हैं। दरअसल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और संरक्षित क्षेत्रों में यह चुनौती ज्यादा बड़ी है। यही वजह है कि हिमाचल प्रदेश के संवेदनशील स्पीति के इलाके में प्रदेश के वन विभाग ने आने वाले पर्यटकों के लिए दैनिक आध ाार पर उपयोगकर्ता शुल्क आरंभ करने का निर्णय किया है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार की इस अभिनव पहल का स्वागत ही किया जाना चाहिए। निस्संदेह, इस फैसले के बाद अब बिना किसी प्रवेश शुल्क के इन इलाकों में पहुंचना अतीत की बात हो जाएगी। इतना ही नहीं शूटिंग के लिये, मसलन वृत्तचित्र, फीचर फिल्मों व विज्ञापन आदि के साथ ही टेंट लगाने जैसी गतिविधियों के लिये भी शुल्क संरचना तैयार की गई है। यह एक हकीकत है कि पर्यटकों का अराजक व्यवहार वातावरण में न केवल पर्यावरणीय प्रदूषण फैलाता है बल्कि ठोस कचरा भी छोड़कर जाता है। जिसकी क्षति व सफाई का दबाव राज्य पर पड़ता है। निस्संदेह, सरकार की नई पहल का उद्देश्य आदिवासी जिले लाहौल और स्पीति में पर्यटन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। इसके अलावा हिमाचल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में आगंतुकों के लिये सुविधाओं का विस्तार करना भी है। दरअसल, राज्य सरकार सीमावर्ती इलाकों में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और प्रोटोकॉल में संशोधन करके यात्रियों की पहुंच को आसान बना रही है। ऐसी ही एक पहल मंगलवार को किन्नौर जिले के शिपकी–ला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने शुरू की। दरअसल, इन क्षेत्रों के सामरिक महत्व को देखते हुए राज्य के अधिकारी सेना और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं। निश्चित रूप से हिमाचल प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिये, खासकर दूरदराज के गांवों के लिये अच्छा संकेत है। जब ग्रामीणों का जन–जीवन बाहर से आने वाले पर्यटकों की गतिविधि ायों से प्रभावित होता है तो उन्हें पर्यटन से होने वाले लाभ भी मिलने चाहिए। वहीं पर्यटकों की सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। पहलगाम आतंकी हमले ने हमें कई सबक दिए हैं। सबक याद दिलाए हैं कि यदि पर्यटकों की सुरक्षा दांव पर हो तो लापरवाही व चूक के लिये कोई जगह नहीं हो सकती। कश्मीर का हालिया अनुभव बताता है कि जब पर्यटक असुरक्षित महसूस करते हैं तो पर्यटन उद्योग को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही वजह है कि जम्मू–कश्मीर जाने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है। ऐसे में पर्यटक जम्मू–कश्मीर के विकल्प के रूप में हिमाचल की ओर रुख कर सकते हैं। जिससे हिमाचल के पर्यटन उद्योग को नई प्राण वायु मिल सकती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिये हर संभव प्रयास करना होगा कि नियमित पर्यटन से हिमाचल को न केवल वर्तमान में बल्कि दीर्घकालिक लाभ भी प्राप्त हों। वहीं राज्य सरकार को ध्यान रखना होगा कि बढ़ती पर्यटन गतिविधियों से क्षेत्र की जन–जातियों की संस्कृति और जीवनचर्या में प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके लिये यह भी जरूरी है कि पर्यटन से होने वाली आय से इन क्षेत्रों के विकास को भी गति मिले। जिससे स्थानीय लोग पर्यटन गतिविधियों में उत्साह से भाग लें। ऐसा न हो कि अराजक पर्यटन संस्कृति स्थानीय लोगों की अस्मिता को ठेस पहुंचाए। रीति–नीतियां ऐसी बनें कि राज्य की आर्थिकी को गति मिलने का लाभ स्थानीय लोगों के हिस्से में भी आए ताकि वे पर्यटकों का खुशी–खुशी स्वागत करें। सरकार को भी पर्यटकों की सुविधाओं, सुरक्षा और आवागमन का विशेष ख्याल रखना होगा।

टाटा पर राहुल का बड़ा बयान

डॉ. दीपक पाचपोर

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, लेकिन किसी भी कारोबारी नेता में इस मुद्दे पर बोलने की हिम्मत नहीं है।

देश के सबसे पुराने और अग्रणी औद्योगिक घरानों में एक टाटा समूह में चेयरमैन की दोबारा नियुक्ति को लेकर विवाद चल रहा है। जो अब राजनीतिक मुद्दा भी बन गया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को इस मामले को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, लेकिन किसी भी कारोबारी नेता में इस मुद्दे पर बोलने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा है, श्आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय उद्योग मोदी और शाह का खिलौना नहीं है। आप में हिम्मत नहीं है। हममें है। हम इन अपराधों के लिए न्याय दिलाएंगे। राहुल गांधी के इस पोस्ट के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भी पोस्ट आया है। उन्होंने लिखा है कि राहुल गांधी मेरी सलाह है कि विपक्ष के नेता के तौर पर आप हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने से बचें। साथ ही, व्यावसायिक और कानूनी मामलों को बिना सोचे–समझे श्आपराधि ाकश करार देना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। आपने बार–बार भारतीय उद्योग जगत और हमारे उद्यमियों की सफलताओं की आलोचना की है। क्या अब आप हमारे व्यापारिक नेताओं को भी अपने साथ मिलाकर अविश्वास और नफरत फैलाने के लिए उकसाने की कोशिश कर रहे हैं? दशकों तक, आपकी पार्टी ने लाइसेंस–कोटा राज के जरिए भारतीय उद्यमियों की भावना को दबाए रखा और करोड़ों भारतीयों को गरीबी में धकेल दिया। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार भारतीय उद्योग जगत को रोजगार पैदा करने वाले और आर्थिक विकास को गति देने वालेच के रूप में महत्व देती है। राजनीतिक दलों, नेताओं, सरकारों और संस्थानों की यह समान जिम्मेदारी है कि वे हमारे उद्योगों का समर्थन करें, किसानों को मजबूत बनाएं और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करें। इसलिए, अपने संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय, रचनात्मक तरीके से जुड़ना ज्यादा जरूरी है। भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को न्याय की गारंटी देता है और हमारे माननीय न्यायालय इसे बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए राहुल जी, हर जगह भूत–प्रेत देखने से बचें। जिस तरह का चिढ़ भरा जवाब वित्त मंत्री ने दिया है, वह प्याज के महंगे होने पर मैं प्याज नहीं खाती, वाले स्तर का ही है। राहुल की चिंता का मूल यही है कि मोदी सरकार में केवल दो उद्योगपतियों को आगे बढ़ने का मौका दिया गया। व्यापार–कारोबार में एकाधिकार की प्रवृत्ति देश के लिए घातक होती है, यह बात राहुल गांधी कई सालों से लगातार उठा रहे हैं। लेकिन उनकी चिंता का तार्किक समाधान प्रस्तुत करने की जगह उन्हें व्यापार विरोधी साबित किया जाता है। अभी रामलीला मैदान में रैली के पहले जिस तरह एक अनजाने से व्यापारी संगठन से राहुल को चिट्ठी लिखवाई गई कि व्यापार का नुकसान होगा, इसलिए रैली टाल दो, वह भी यही दिखाने की कोशिश है कि राहुल को कारोबारियों से बैर है। जबकि राहुल गांधी ने हमेशा लघु और मध्यम कारोबारियों के लिए आवाज उठाई। नोटबंदी और जीसएटी लागू होने पर उनकी परेशानियों की बात कही। और अब राहुल को व्यापार में एकाधिकार की प्रवृत्ति बढ़ने के कारण टाटा जैसे बड़े औद्योगिक घराने के हक में भी बोलने के लिए सामने आना पड़ा है। बता दें कि टाटा घराने में विवाद टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को दोबारा नियुक्त करने के फैघ्सले को लेकर है। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और टाटा परिवार से ही आने वाले नोएल टाटा ने इस फैसले की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि बोर्ड की बैठक में जरूरी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। उन्होंने फैसले को अमान्य बताते हुए कंपनी से सात दिन के भीतर कई दस्तावेज और स्पष्टीकरण मांगे हैं। उनका आरोप है कि बोर्ड की बैठक के लिए निदेशकों को जो एजेंडा भेजा गया था, उसमें चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति का साफ उल्लेख नहीं था। नोएल टाटा का कहना है कि इसके बावजूद बैठक में यह प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया और कंपनी ने बाद में इसे मंजूर प्रस्ताव के रूप में पेश किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि बैठक के ऑडियो–वीडियो रिकॉर्ड, अंतिम मिनट्स और प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति मांगने के बावजूद उन्हें ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। गौरतलब है कि टाटा समूह की संरचना में टाटा ट्रस्ट्स की अहम भूमिका है। टाटा ट्रस्ट्स से जुड़े ट्रस्ट समूह की प्रमुख कंपनियों में हिस्सेदारी रखते हैं और सामाजिक कार्यों के लिए भी बड़े पैमाने पर संसाध ान उपलब्ध कराते हैं। नोएल टाटा टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन हैं। वहीं टाटा संस समूह की प्रमुख होल्डिंग कंपनी है। इसलिए टाटा ट्रस्ट्स और टाटा संस के बीच किसी बड़े फैसले पर मतभेद सामने आने से समूह के भीतर प्रशासन और नियंत्रण से जुड़े सवाल उठ सकते हैं। टाटा समूह में छिड़ी अधिकारों की इस लड़ाई में अंततरू जीत किसकी होगी, यह तो वक्त बताएगा। लेकिन भारत के विकास की गाथा में टाटा के योगदान को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। परमाणु उर्जा से लेकर नागरिक उड्डयन, खेलकूद, शिक्षा, ग्रामीण विकास, चिकित्सा जैसे तमाम क्षेत्रों में टाटा समूह ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपना अहम योगदान दिया है।

जो तेरा हाल है,वो मेरा हाल है

सर्वमित्रा सुरजन

पिछले दो–तीन दिनों में कुछ ऐसी वैश्विक घटनाएं हुई हैं, जिन्हें विस्तार से पढ़ें तो लगेगा कि केवल स्थान और नाम ही अलग हैं, बाकी घटनाओं के कारण, हालात और जनप्रतिक्रियाएं काफी कुछ जानी–पहचानी लगेंगी, यानी इन्हें पढ़–सुन कर लगेगा कि अपने देश में जो कुछ चल रहा है वही दुनिया के दूसरे हिस्से में भी हो रहा है। पाठक जानते हैं कि सर्बिया में हुए हालिया संसदीय चुनावों में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक की सत्ताध ाारी पार्टी की हार हुई है। आर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में बताया गया है कि सत्ता पर बने रहने के लिए वुसिक की सर्बियाई प्रोग्रेसिव पार्टी ने सत्ता के 14 बरसों में देश के मीडिया से लेकर तमाम सरकारी संस्थानों पर कब्जा कर लिया था। सर्बिया की चुनावों पर निगरानी रखने वाली महत्वपूर्ण संस्था द सेंटर फॉर रिसर्च, ट्रांसपरेंसी एंड एकाउंटीबिलीटी के मुताबिक 2023 और 2024 के चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं थे। संस्था के मुताबिक चुनाव में लेवल प्ले फील्ड खत्म करना, मतदाता सूची में फर्जी नाम जोड़ना, सरकारी संसाधन अपने करीबियों में बांटना और पार्टी के लोगों की सरकारी संस्थाओं में घुसपैठ जैसे तमाम हथकंडे अपनाए गए। लेकिन इसके बावजूद इस बार वुसिक को हार स्वीकार करनी पड़ी क्योंकि दो साल पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरु हुए छात्रों के आंदोलन में जनता का बड़ा वर्ग भी शामिल हो गया और इस जनादेश और जनभावना को उपेक्षित करने का खतरा वुसिक ने मोल नहीं लिया। भारत में कुछ समय पहले जेन जी आंदोलन के कारण बड़ी हलचल मची। इस समय विपक्ष के खड़े किए आंदोलन में जिस तरह जनता का बड़ा जुड़ाव हो रहा है, उसे जेन जी आंदोलन का ही प्रभाव माना जा रहा है। मुद्दे यहां भी अलग नहीं हैं। सरकारी तंत्र में पसरा भ्रष्टाचार, निजी हाथों की बढ़ती ताकत, चुनावों में धांधली, सत्तारुढ़ दल के लिए हो रहे एकतरफा फैसले यही सब सर्बिया में हुआ, यही भारत में हो रहा है। प्रसंगवश यह भी बता दूं कि कुछ महीने पहले इन्हीं वुसिक महोदय ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शान में कसीदे गढ़े थे। उन्होंने कहा था कि मोदी ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उसे वैश्विक महाशक्ति बनाया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कमजोर करने और गिराने की कोशिशें की जा रही हैं। मोदी की सत्ता बची रहेगी या नहीं ये फिक्र वुसिक कर रहे थे और इधर उनके देश के युवाओं ने उन्हें सत्ता से हटने पर मजबूर कर दिया। वह भी बाकायदा संवैध ाानिक तरीके से। बहरहाल वुसिक के हार मानते ही वहां का मीडिया भी पलटने लगा। बहुत से टीवी चौनलों के दफ्तर पर जनता अपनी नाराजगी प्रकट करने पहुंची, ऐसी खबर है। वहीं एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सरकारी प्रसारक रेडियो टेलीविजन ऑफ वोज्वोदिना ने अपने दर्शकों से लाइव प्रसारण पर बाकायजा माफी मांगी है। चौनल के एंकर गोरान एरॉर ने प्रसारण की शुरुआत में स्वीकार किया कि चौनल ने वर्षों तक एकतरफा, सत्ता–समर्थक और बिना आलोचना वाली खबरें दिखाईं तथा जरूरी सवाल नहीं पूछे। एंकर ने कहा, वर्षों तक, हम अपने कर्तव्य का पालन करने में विफल रहे। हम चुप रहे, आंखें मूंद लीं, एकतरफा खबरें दिखाईं और जरूरी सवाल पूछने में असफल रहे। इसके लिए हम अपने दर्शकों से माफी मांगते हैं। इस माफीनामे और राजनीतिक बदलाव के तुरंत बाद, आरटीवी के फर्स्ट प्रोग्राम के कार्यवाहक प्रधान संपादक नेनाद चाचिक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके स्थान पर ब्लाजो पोपोविच को नियुक्त किया गया है। सर्बिया से पेश आए इस उदाहरण को पुराने जमाने में इस्तेमाल किए जाने वाले टेलीग्राम संदेशों की तरह समझा जा सकता है कि थोड़ा लिखा है, ज्यादा समझना। यूं तो पिछले कुछ दिनों में इटली, फ्रांस जैसे कुछ और देशों में भी छात्रों ने सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन किए, जो हिंसक भी हुए। इन्हीं पर अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान देश के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रवासी भारतीयों की तारीफ करते हुए यूरोपीय देशों के लिए तंज भरे लहजे में कहा कि मेजबान देशों में भारतीयों का स्वागत किया जाता है क्योंकि वे तोड़–फोड़ या सार्वजनिक जीवन में रुकावट नहीं डालते हैं। पीयूष गोयल की बात बिल्कुल वाजिब है। यूरोप तो फिर भी दूर है, लेकिन भारत के पड़ोसी नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका में ऐसे ही छात्रों और जनता के आंदोलन के बाद तख्तापलट की घटनाएं हुईं, फिर भी भारत के नौजवान गांधी के बताए अहिंसक आंदोलन के रास्ते पर ही चल रहे हैं। संवैधानिक तरीके से ही अपनी मांगें सामने रख रहे हैं और संवैधानिक तरीके से ही अपनी समस्याओं का समाधान भी चाहते हैं। ये और बात है कि उन्हें इस तरीके पर चलने की बड़ी कीमत भी अदा करनी पड़ रही है। कभी व्यक्तिगत हमले आंदोलनकारी लड़कियों पर हो रहे हैं, कभी कानून का डर दिखाया जा रहा है, कभी इंस्टाग्राम, एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध ा झेलने पड़ रहे हैं। अभी पिछले हफ्ते नेहा सिंह राठौड़ पर एबीपी चौनल के डिजीटल प्लेटफार्म पर फर्जी खबर चली, जो बाद में खेदप्रकट के बाद हटाई गई। इसी तरह आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा के चरित्र हनन की कोशिशें हुईं। और ऐसा करने वालों को पुरस्कृत भी किया जा रहा है। अभी इफको युवा साहित्य सम्मान बिहार के सर्वेश तिवारी श्रीमुख को दिया गया। उनकी 15 सितंबर की फेसबुक पोस्ट नेहा बोरा के विरोध में है। तब नेहा ने गोरखपुर में ही योगी आदित्यनाथ की काफी आलोचना की थी। उस पर सर्वेश तिवारी ने नेहा को एक दो कौड़ी की वामपंथी नचनिया बताते हुए लिखा कि इस गदहिया को कोई बताए कि गोरखपुर हजार साल पूर्व भी बाबा गोरखनाथ के लिए जाना जाता था। आगे यह भी लिखा कि एक पंक्ति बोलने भर में छह बार मुंह और आठ बार कूल्हा मटका कर राखी सावंत टाइप गाली गलौज करने से बिग बॉस या महेश भट्ट की फिल्म में इमरान हाशमी के अपोजिट रोल तो मिल सकता है, राजनीति में जगह नहीं बन सकती। वैसे तो सर्वेश तिवारी को उनके उपन्यास पुण्यपथ के लिए साहित्य सम्मान मिला है, लेकिन ऊपर लिखी भाषा कम से कम किसी साहित्यकार की तो नहीं लगती है। बल्कि किसी सभ्य नागरिक की भी नहीं लगती है। क्योंकि नेहा बोरा से असहमति या नापसंदगी अपनी जगह है, लेकिन उसे दर्शाने का तरीका किसी लिहाज से सभ्य नहीं है। लेकिन यही तो नए भारत का कड़वा सच है। जहां भाषा के साथ–साथ विचारों और मूल्यों में भी बड़ी गिरावट आ चुकी है। खैर, वापस वैश्विक घटनाक्रम की तरफ मुड़ते हैं। ब्राजील में वामपंथी नेता लूला डि सिल्वा की दोबारा जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें अपना मित्र बताते हुए बधाई दी। हालांकि मोदी जिन्हें अपना मित्र बता रहे हैं, ट्रंप उनके शत्रु हैं। अगर लूला की जगह फ्लावियो बोल्सोनारो जीतते तो मोदी उनसे अपना पुराना नाता निकाल लेते। उन्हें अपना मित्र बताते, अपने मित्र का बेटा और अपने मित्र का मित्र भी बताते। लेकिन इस रिश्तेदारी को निकालने का मौका मोदी को नहीं मिला। इस बीच खबर आई कि फ्लावियो बोलसोनारो ब्राजील से भागकर अमेरिका चले गए हैं। ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में फ्लावियो को अपने पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया था। लेकिन उन पर कार्रवाई होती इससे पहले वे चले गए, हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि बोलसोनारो झोला उठा कर गए या खाली हाथ गए हैं। खैर, इन घटनाओं को देख–सुन कर ताल फिल्म के गीत के बोल याद आते हैं– जो तेरा हाल है, वो मेरा हाल है।

बदलती विश्व व्यवस्था के बीच बढ़ते परमाणु खतरे

डॉ. अरुण मित्रा

पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष एक व्यापक युद्ध की संभावना को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बार–बार ईरान को धमकियां दी हैं, और कई बार तो उसे पूरी तरह नष्ट करने की बात भी कही है। यह देखना बाकी है कि क्या ये बयान केवल दबाव बनाने के लिए हैं या फिर किसी बड़ी सैन्य कार्रवाई की शुरुआत हैं। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्को रुबियो का बयान, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर ईरान को धमकी दी, अमेरिकी प्रशासन के अहंकार को दर्शाता है। ऐसी स्थिति में दुनिया लापरवाह नहीं रह सकती। विभिन्न स्रोतों से मिल रही जानकारी के अनुसार, ईरान को अमेरिका और इजरायल की ओर से एक नए हमले की आशंका है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इजरायल परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करता है, तो ईरान इजरायल के परमाणु प्रतिष्ठानों को पूरी तरह नष्ट कर देगा, जो डिमोना शहर के दक्षिण–पूर्व में नेगेव रेगिस्तान में स्थित हैं। ब्राजीलियाई पत्रकार एमिलियो पेपे एस्कोबार ने ट्रांजिशन प्रोटोकॉल नामक डिजिटल चौनल पर जुल्फिकार अली के साथ एक साक्षात्कार में बताया कि ईरान ने लगभग 400 ठिकानों को चिह्नित कर लिया है, जिनमें खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों से लेकर हिंद महासागर तक के ठिकाने शामिल हैं। इस बीच, हेब्रोन के पास गोलीबारी की घटना के बाद इजरायल द्वारा वेस्ट बैंक में लॉकडाउन लगाने की खबरें और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की हालिया इजरायल यात्रा भी गौर करने लायक हैं। ईरान के प्रतिरोध ने अमेरिकी सैन्य शक्ति की सीमाओं को उजागर कर दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही में रुकावट ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है और आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है। डीजल सहित ईंधन की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों ने वाशिंगटन की नीतियों के आर्थिक परिणामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कहा जाता है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वाशिंगटन को यह विश्वास दिलाया था कि ईरान कुछ ही दिनों में आत्मसमर्पण कर देगा। इसी वजह से अमेरिका, ईरान के खिलाफ इजरायल की आक्रामकता में शामिल हो गया। इससे संघर्ष और तेज हो गया। अपनी सैन्य श्रेष्ठता के बावजूद, अमेरिका को वह निर्णायक परिणाम नहीं मिला, जिसकी उसे और इजरायल को उम्मीद थी। खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों से भारी नुकसान हुआ है। ट्रम्प द्वारा ईरान के साथ बनी राजनयिक समझ को खत्म कर देने से शांति की संभावनाएं और कमजोर हो गई हैं। हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी अरब पर किए गए हमलों ने बाबअल–मंदेब जलडमरूमध्य और लाल सागर से होने वाले समुद्री व्यापार को बाधित किया है, जिसका सऊदी अरब पर गंभीर असर पड़ा है। ब्रिक्स के उदय और चीन की बेल्ट एंड रोड पहल – जिसमें विभिन्न महाद्वीपों के लगभग 150 देश शामिल हैं– से विश्व व्यवस्था में बदलाव के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका और पूर्व औपनिवेशिक शक्तियां इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं। अमेरिका, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों को दरकिनार करते हुए, अपनी मनमर्जी से विभिन्न देशों पर प्रतिबंध ा और शुल्क थोपकर दुनिया पर अपनी शर्तें थोपने की कोशिश कर रहा है। मौजूदा भारतीय सरकार, अमेरिका के साथ बहुत करीबी संबंध रखना चाहती है, भले ही अमेरिका अपनी शर्तें थोपता हो। डोनाल्ड ट्रम्प ने कई बार भारत को यह कहकर अपमानित किया है कि अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद ही भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रुका था। वे उस शविशेष मित्रताद्य की कोई परवाह नहीं करते, जिसका अक्सर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिक्र करते हैं। इसी व्यापक भू–राजनीतिक संदर्भ में, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा महत्वपूर्ण हो जाती है। उनकी यात्रा की शुरुआत नई दिल्ली में औपचारिक बातचीत से होने के बजाय, मुंबई और जामनगर से हुई। इससे इस यात्रा के उद्देश्य और इसके आयोजन के तरीके पर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्टों के अनुसार, रुबियो की मेजबानी उद्योगपति मुकेश अंबानी ने की। साथ ही, इस यात्रा के बारे में जानकारी भारतीय सरकार की ओर से कोई सार्वजनिक घोषणा होने के बजाय, अमेरिकी पक्ष से सामने आई। इतने वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी की यात्रा का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी से बाहर क्यों किया गया? क्या भारतीय सरकार की प्राथमिकताओं और राजनयिक प्रोटोकॉल का उचित सम्मान किया गया? ऐसे समय में जब भारत को बड़े विदेशी निवेश की जरूरत है, पेट्रोलियम रिफाइनिंग में निवेश और टेक्सास में एक संभावित प्लांट लगाने को लेकर हुई चर्चाओं की खबरों ने अटकलों को और बढ़ा दिया है। इन दावों की– कि अंबानी टेक्सास और वेनेजुएला में 300 अरब डॉलर का निवेश कर सकते हैं– स्वतंत्र पुष्टि और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। उतनी ही चिंताजनक यह खबर भी है कि अमेरिकी राजदूत सर्जियोगोर ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से रुबियो से मिलने के लिए मुंबई जाने को कहा। यदि यह सच है, तो ये हालात राजनयिक प्रोटोकॉल और आपसी सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। भारत–पाकिस्तान संघर्ष, व्यापार शुल्क और रूस से भारत द्वारा तेल खरीदने के मुद्दों पर राष्ट्रपति ट्रम्प के सार्वजनिक बयानों के बावजूद, मोदी सरकार वाशिंगटन के साथ अपने करीबी संबंध बनाए हुए है। भारत को अमेरिका की रणनीतिक प्राथमिकताओं को क्यों मानना चाहिए, जबकि अमेरिका हमेशा अपने हितों को ही सबसे ऊपर रखता है? अमेरिका के इस वर्चस्ववादी रवैये ने पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल दिया है और हर तरफ सैन्य तनाव बढ़ा दिया है। परमाणु टकराव का खतरा इस मौजूदा स्थिति को विशेष रूप से चिंताजनक बनाता है। ईरान ने बार–बार परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश से इन्कार किया है, जबकि अमेरिका और इजरायल उसके परमाणु कार्यक्रम को सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताते रहे हैं। ऐसे दावों की जांच विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय सत्यापन और स्थापित अंतरराष्ट्रीय कानूनों के जरिए होनी चाहिए, न कि इनका इस्तेमाल एकतरफा सैन्य कार्रवाई के बहाने के रूप में किया जाना चाहिए।

श्रीमोई की ओर से बिजोया आनंदो उत्सव का भव्य आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। श्रीमोई द्वारा होटल ब्लू डायमंड, अग्निपथ कॉलोनी, सिविल लाइंस, प्रयागराज में बिजोया आनंदो उत्सोव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ आज संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व



जया मुखर्जी एवं बुलबुल साहा ने किया। यह समारोह बंगाल की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और नारी शक्ति का सुंदर उत्सव रहा। कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य–नाटिका, संगीत प्रस्तुतियों, मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। धुनुची नृत्य, शंख ध्वनि और पारंपरिक सिंदूर खेला समारोह के विशेष आकर्षण रहे। श्रीमोई की अध्यक्ष अनुपमा दास एवं सचिव शिल्पी बनर्जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह ने आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक एकता और उत्सव के उल्लास को साकार किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिनके योगदान से यह आयोजन यादगार बना। श्रीमोई का यह बिजोया आनंदो उत्सोब बंगाली संस्कृति, परंपरा और एकजुटता की खूबसूरत झलक प्रस्तुत करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ काकोली, सुप्रिया, सविता, दीपोश्री, मीनाक्षी , काकोली, दीपा, सुरभि, श्रिति घोषाल, आलपोना भी मौजूद रहे। मंच का संचालन सायोनी भट्टाचार्य एवं मौमिता चटर्जी ने किया।

महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की पुण्य तिथि पर पूजन, हवन संपन्न

शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में आज महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की पुण्य तिथि के अवसर पर श्रद्धापूर्वक हवन–यज्ञ का आयोजन आज किया गया। यह कार्यक्रम शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल के कर कमलों से पूर्ण विधि–विधान से संपन्न हुआ। हवन–यज्ञ में प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक, प्रो ममता गुप्ता एवं चीफ प्रॉक्टर डॉ रंजना त्रिपाठी ने मुख्य श्होताश के रूप में आहुतियां दीं।



इस अवसर पर महर्षि दयानंद सरस्वती के अनन्य योगदानों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष शासी निकाय पंकज जायसवाल ने हवन की वैज्ञानिकता, हवन की सही क्रियाविधि, आर्य समाज की परोपकारिणी सभा की महत्ता पर प्रकाश डाला। परोपकारिणी सभा समय अनुकूल नियमों और सिद्धांतों में परिवर्तन करने की शक्ति रखती है यह आर्य समाज को जड़ होने से रक्षा करती है। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने आर्य समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम के प्रणेता महर्षि दयानंद सरस्वती ने 30 अक्टूबर 1883 को ईश्वर का स्मरण करते हुए, हिन्दी भाषा के प्रयोग, स्त्री सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में उनकी भूमिका को याद किया और प्रेरणा ली। उनके आदर्श एवं विचार आज भी अनुकरणीय हैं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की उप–प्राचार्या प्रो इभा सिरोठिया, प्रो अंजू श्रीवास्तव, डॉ ज्योति रानी जायसवाल, डॉ श्रुति आनंद, डॉ मुदिता, डॉ चित्रा चौरसिया, डॉ शशी, डॉ निशा खन्ना, डॉ हेमलता श्रीवास्तव, डॉ शिखा कुमारी, डॉ नाजनीन, डॉ अमित पांडेय, डॉ अमित शुक्ला, डॉ श्याम कान्त तथा आर्य कन्या इंग्लिश मीडियम इंटरमीडिएट कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती ऋचा अवस्थी सहित बडी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारी शामिल हुए।

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से ही बढ़ेगी जीवन में वास्तविक प्रसन्नता : डॉ. नेहा आचार्य

सीएमपी डिग्री कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान सीरीज आयोजित, विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और खुश रहने की रणनीतियों का कराया अभ्यास

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संबद्ध सीएमपी डिग्री कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के हैप्पीनेस लैब कोर्स के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान सीरीज का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. नेहा आचार्य, असिस्टेंट प्रोफेसर, गुलाब देवी महिला पीजी कॉलेज, बलिया (जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय से संबद्ध) ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी जरूरी है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक सोच विकसित करने और जीवन में वास्तविक प्रसन्नता प्राप्त करने के उपाय बताए। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को प्रसन्नता बढ़ाने वाली विभिन्न रणनीतियों का अभ्यास भी कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन हैप्पीनेस लैब कोर्स की समन्वयक डॉ. रंजना तिवारी ने किया। व्याख्यान सीरीज में शामिल छात्र–छात्राओं ने विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और कार्यक्रम को उपयोगी बताया।

परिषदीय विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 से

सचिव बेसिक शिक्षा परिषद सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने जारी किया परीक्षा का निर्देश
कहा कि 21 नवंबर तक चलेगी परीक्षाएं
कक्षा एक के विद्यार्थियों की परीक्षा मौखिक, दो - तीन में लिखित के साथ मौखिक परीक्षा होगी : सचिव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रदेश के लाखों परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब तीन करोड विद्यार्थियों के लिए नवंबर का तीसरा सप्ताह परीक्षा की कसौटी लेकर आ गया है। शैक्षिक सत्र 2026 – 27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 नवंबर से शुरू होकर 21 नवंबर तक आयोजित की गयी है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद ने कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी करते हुए तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश प्रदेश के सभी बीएसए और एडी बेसिक को दिए हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया



गया है, परीक्षा कराकर समय से रिजल्ट घोषित करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि परीक्षा संबंधी तैयारियां निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों कौं कक्षा के अनुरूप परीक्षा का स्वरूप निर्धारित किया गया है। कक्षा एक के विद्यार्थियों की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो और तीन में लिखित के साथ मौखिक परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। इसी तरह कक्षा चार और पांच के विद्यार्थियों को भी निर्धारित व्यवस्था के अनुसार लिखित और मौखिक परीक्षाएं देनी होंगी। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं लिखित होंगी। परीक्षाओं में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत अथवा उर्दू, सामाजिक विषय, कला–संगीत, विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन सहित विभिन्न विषय शामिल होंगे। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के लिए माडल प्रश्नपत्र जनपद स्तर पर तैयार कराए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि शैक्षिक सत्र 2026–27 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं 17 से 21 नवंबर तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराई जाएंगी। प्रश्नपत्रों का समय से मुद्रण और वितरण सुनिश्चित करने, गोपनीयता व समय परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

एजी ऑफिस के सात कर्मचारी रिटायर, गेट पर हुई विदाई

विदाई कार्यक्रम राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन की ओर से किया गया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। कार्यालय महालेखाकार के माह अक्टूबर–2026 में सात (7) सेवानिवृत कर्मचारियों का विदाई समारोह गेट पर शुक्रवार को संपन्न हुआ। सेवानिवृत कर्मचारीध्अधिकारी सर्व आलोक जैन वरिष्ठ लेखाधिकारी,शिव नरेश गुप्ता सहायक पर्यवेक्षक ,श्रीराम वर्मा सहायक पर्यवेक्षक, रमेश कुमार पर्यवेक्षक, श्याम किशोर पर्यवेक्षक, आमोद गर्ग वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी, योगेश कुमार सिंह सहायक पर्यवेक्षक को फूल माला एवं अंग वस्त्रम शाल ओढ़ाकर विदाई किया गया। विदाई कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय लोक सेवार्थ संगठन प्रयागराज के संयोजक ओम प्रकाश गुप्ता की ओर से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रकाश अध्यक्ष कोऑपरेटिव सोसाइटी, मनोज कुमार श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष, अजय कृष्ण मिश्रा वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी,



विजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष ऑडिट, बिनोद उपाध्याय पूर्व अध्यक्ष, राजू मिश्रा पूर्व डायरेक्टर, अनिल दास पूर्व उपाध्यक्ष, अमित सिंह सचिव मनोरंजन क्लब ऑडिट,सगीर अहमद, पंकज मालवीय, रजनीकांत विद्यार्थी वरिष्ठ लेखाधिकारी,जितेंद्र कुमार वरिष्ठ लेखाधिकारी, कृपाशंकर सिंह, कुलदीप कुमार, अनूप कुमार टंडन वरिष्ठ लेखाधिकारी,आत्म प्रकाश सिंह डायरेक्टर, चंद्रशेखर सिंह डायरेक्टर का रहा। लक्ष्मी कांत त्रिपाठी,सतीश राय ,ज्ञान चंद्र, सुजीत चंद्रा, देशराज सिंह, विनोद कुमार श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, केके. सिंह, विमल पाण्डेय , राजेश श्रीवास्तव, ललित श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुबोध चंद्र प्रजापति, राम मिलन, माता प्रसाद,प्रदीप गुप्ता, राज कुमार यादव, शादाब रजा, संजय बहल, रमेश चंद्र गुप्ता, श्याम सुंदर दुबे, अर्जुन पाठक, राधेश्याम मौर्या, विजय कुमार नैयर,बलवंत राय मदान, सोहन लाल, राजेश गोयल,सुनील कुमार, फूल चंद्र, वीरेंद्र दयाल, विपिन यादव,रंजीत कुमार एवम अन्य साथियों का सहयोग रहा।विदाई कार्यक्रम में कार्यालय के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

जीएसटी सुधारों और सरलीकरण पर `सहजकर संवाद' का आयोजन, लिए गए निर्णयों पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा सिविल लाइन्स स्थित जीएसटी भवन के महाकुम्भ सभागार में 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए जीएसटी सुधारों एवं सरलीकरण पर लिए गए निर्णयों पर जागरूकता हेतु विस्तृत परिचर्चा एवं संवाद कार्यक्रम "सहजकर संवाद" का आयोजन किया गया द्य

उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कर सलाहकार एवं चार्टेड अकाउंटेंट डॉ पवन जायसवाल द्वारा जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में लिए गए जीएसटी सुधारों एवं सरलीकरण यथा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सुधारकर केवल तीन कार्य दिवसों के अन्दर जी एस टी रजिस्ट्रेशन ग्रांट करना, लेट फीस कम किये जाने, रिफंड की प्रक्रिया को आसान बनाना एवं 10 दिनों के भीतर रिफंड देने, 10,000 रुपये से कम की कर राशि के लिये कोई ळैज नोटिस जारी नहीं किये जाने के प्रस्ताव एवं इस सीमा से कम राशि वाले मौजूदा लंबित नोटिस वापस लिए जाने के निर्णय के बारे में जानकारी दी द्य आगे श्री जायसवाल द्वारा वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही हेतु यह बताया की जीएसटी परिषद द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय में वस्तुओं का



निरीक्षण, निरुद्धीकरण या जब्ती केवल आपूर्तिकर्ता या गंतव्य राज्य के अधिकारियों द्वारा ही की जा सकेगी। अवरोधन के लिये विशिष्ट खुफिया जानकारी और संयुक्त आयुक्त स्तर के अधिकारी से अप्रूवल आवश्यक होगा। उन्होंने आगे यह भी बताया की कर व्यवस्था को सरल बनाने हेतु जीएसटी परिषद द्वारा ळैज के अंतर्गत गिरफ्तारी के प्रावधान को हटाने और अभियोजन की सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की सिफारिश की, इस नए प्रावधान से व्यापार जगत से गिरफ्तारी का डर नहीं रहेगा और वे निडर होकर व्यापार कर सकेंगे द्य

उक्त कार्यक्रम में रंजीत कुमार, आयुक्त, सेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा व्यापारी वर्ग द्वारा जीएसटी से सम्बंधित आ रही समस्याओं के हर संभव समाधान किये जाने का आश्वाशन दिया। इस बैठक में कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोएल ने भी प्रतिभाग किया और अपने विचार साझा किये द्य श्री राहुल टी परमार, संयुक्त आयुक्त ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले हितधारको को धन्यवाद ज्ञापित किया द्य उक्त बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, टैक्स कंसलटेंट, अधिवक्ता गण शामिल हुएद्य कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वालों में प्रमुख रूप से शिव अभिलाष मिश्र, अधिवक्ता प्यारे लाल गुप्ता, अधिवक्ता, सौरव अग्रवाल, सीए, रत्नेश केसरवानी, सीए, अमित तिवारी, सीए, कमलेश शर्मा, प्रो. अन्नू इंटरप्राइजेज, श्री मैकूलाल प्रो महाशिल्पी एसोसिएट्स, हेमनाथ झा, सहायक आयुक्त, शैलेन्द्र मोहन भटनागर, सहायक आयुक्त, वी एस यादव, अधीक्षक, अनुज मिश्र, अधीक्षक, दिलीप यादव, अधीक्षक समेत बड़ी संख्या में हितधारकों ने उक्त बैठक में हिस्सा लिया।

कोरांव में सपाइयों की बैठक, 4 नवंबर की समीक्षा बैठक की बनी रणनीति

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी कार्यालय कोरांव में शुक्रवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी 4 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाली कार्यकर्ता समीक्षा बैठक को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।



बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी प्रयागराज यमुनापार के महासचिव इंजीनियर जगदीश सिंह यादव उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी साथी 4 नवंबर की समीक्षा बैठक को सफल बनाने के लिए अभी से पूरी सक्रियता के साथ जुट जाएं। संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्य करना आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के नेतृत्व में समाजवादी विचारधारा को हर घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाए।

उन्होंने कहा कि कोरांव विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए निर्देशों का पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ पालन किया जाएगा।

बैठक में आगामी समीक्षा बैठक की तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में प्रमुख रूप से रामदेव, निडर, लालजी पाल, निराला, सुमन कोल, महताब खान, नौशाद अंसारी, रविंद्र जैसल, सफात अली, राजेश पांडेय, राहुल सिंघानिया, अजीत पटेल, पवन सोनकर, अश्वनी पटेल, प्रमोद मिश्र पयासी, पुष्कर यादव, अनीता कोल, दीपक पटेल, संजय पटेल और रामानुज यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

कोरांव में 31 अक्टूबर कल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह समारोह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कोरांव, प्रयागराज। उत्तर प्रदेश शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आगामी 31 अक्टूबर 2026, कल शनिवार को सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विकासखंड कोरांव, मेजा, मांडा एवं उरुवा तथा संबंधित तहसील क्षेत्रों के पात्र जोड़ों का विवाह एवं निकाह शासन की योजना के तहत संपन्न कराया जाएगा।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राम शंकर पटेल ने संबंधित लोगों को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। समारोह का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थलरू रिद्धि–सिद्धि उत्सव भवन, तरांव (बड़कू का पुरा, मेजा वाली रोड), कोरांव, प्रयागराज। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा (आईएएस) की ओर से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आमंत्रण दिया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान करना तथा सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देना है। इस योजना के माध्यम से सरकार जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराने में सहायता प्रदान कर रही है।31 अक्टूबर को आयोजित होने वाला यह समारोह सामाजिक समरसता, सामूहिक सहभागिता और खुशियों का संदेश देगा।

भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से लोकतंत्र पर प्रहार कर रही सरकार : मोना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने भाजपा पर चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत कर लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के जरिए विपक्ष समर्थक मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस एक नवंबर को नई दिल्ली में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली के माध्यम से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में महारैली में पहुंचने की अपील की। गुरुवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचीं मोना ने लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर महारैली की तैयारियों पर चर्चा की और जनसमस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के विजय रथ को रोका था और 2027 के विधानसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन भाजपा को चुनौती देगा। प्रदेश में खाद की किल्लत को लेकर उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डीएपी और यूरिया के लिए किसान परेशान हैं, जबकि भाजपा किसानों के नाम पर केवल जुमलेबाजी कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद गृह ब्लॉक रामपुर संग्रामगढ़ पहुंचीं मोना का सराय संग्राम सिंह टोल प्लाजा, रामपुर बावली चौराहा, बेलहा और ब्रह्मदेव नगर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं और गाजे–बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। लालगंज कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने की तथा संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस दौरान भगवती प्रसाद तिवारी, महेंद्र शुक्ला, केडी मिश्र, अमित सिंह पंकज, संतोष द्विवेदी, अशोक सिंह बबलू, आशीष उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत, चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढं। 'खेत की जुताई के दौरान हुआ हादसा, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दमय परिवार में मचा कोहराम' थाना संग्रामगढ़ क्षेत्र के लालूपट्टी गांव में बुधवार शाम करीब चार बजे खेत की जुताई के दौरान हुए हादसे में एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रैक्टर के बीच पैर फंसने और उसकी चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार मौर्य उर्फ गुड्डन (45), पुत्र छेदीलाल मौर्य, निवासी लालूपट्टी के रूप में हुई है। बताया गया कि बुधवार शाम वह अपने घर के पास खेत की जुताई के दौरान काम कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर ट्रैक्टर के बीच फंस गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिजनों में चीख–पुकार मच गई। मृतक अपने पीछे पत्नी रीना मौर्य और चार नाबालिग बच्चों प्रियाशी (15), शिवम (12), सत्यम (10) तथा सुंदरम (4) को छोड़ गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर बताई जा रही है। घर के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी रीना का रो–रोकर बुरा हाल है, वहीं चारों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। मृतक के बड़े भाई संतलाल मौर्य उर्फ मुन्नू ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कह रहे हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

पूर्व छात्रों ने किया विद्यालय में सहयोग

जहरीले जंतुओं से बच्चे हुए सुरक्षित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़।नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह वार्ड नंबर 9 में स्थापित संविलित प्राथमिक विद्यालय सराय भूपति और को– लोकेटेड आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों के लिए पूर्व छात्र सभासद पुत्र दीपक जायसवाल ने बच्चों के आने–जाने के लिए ईंट का मार्ग बनवाया। कुछ दिन पहले जहरीले जंतु विद्यालय के कक्षा कक्ष में आ गए थे इस बात को लेकर शिक्षकों ने पूर्व छात्रों से सहयोग करने को कहा। पूर्व छात्रों ने बच्चों के हित में यह फैसला लिया। बच्चों के हित में किया गये इस काम की प्रशंसा क्षेत्र में खूब की जा रही है। कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बालेन्दु प्रताप सिंह और राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मोहम्मद फरहीम ने बताया कि हमारे विद्यालय के बच्चे भी इधर से आते जाते हैं अब बच्चों के लिए किसी प्रकार का खतरा नहीं होगा। कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय सराय भूपति के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षा ममता साहू और उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षा श्वेता अग्रहरि ने बच्चों के हित में इस कार्य के लिए पूर्व छात्रों को आभार एवं धन्यवाद अर्पित किया। इस कार्य की प्रशंसा क्षेत्र में खूब की जा रही है।

बारिश के चलते धान की फसल को काफी नुकसान, किसानों में चिन्ता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। चक्रवाती तूफान अर्नव के चलते शुक्रवार को लालगंज तहसील क्षेत्र में भोर से ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। क्षेत्र में दिन भर हो रही रिमझिम बारिश ने जहां जनजीवन प्रभावित कर दिया। वहीं किसानों को खेतों में खड़ी धान की फसलों के नुकसान की चिंता सताने लगी है। वहीं मौसम के बदलाव व बारिश के चलते ठण्ड ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के किसानों राम आसरे वर्मा, सुखदेव यादव, जमुना प्रसाद तिवारी, लालचंद्र मिश्र आदि का कहना है कि बारिश ऐसे ही होती रही तो धान की फसल को खासा नुकसान हो सकता है। वहीं क्षेत्र में कई एकड़ में धान की फसल गिरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार बारिश के चलते खेतों में खड़ी फसल पूरी तरह भीग गई है। इससे धान की कटाई और मड़ाई एवं पिटाई का काम भी प्रभावित हो गया है। पहले से ही खेती की लागत और मौसम की मार झेल रहे किसानों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेतों में बर्बाद हुई फसल देखकर किसान मायूस हैं। किसानों ने प्रशासन से फसलों के नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।



विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जिले की लालगंज तहसील परिसर में जल जमाव की समस्या सहित विभिन्न माँगों को लेकर शुक्रवार को वकीलों ने जिलाधिकारी से मिलकर माँगपत्र सौंपा। आल इंण्डिया रुरल बार एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने जिलाधिकारी अभिषेक पांण्डेय को सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि नेशनल हाई वे से लगी लालगंज तहसील में बारिस के समय परिसर में जलभराव हो जाया करता है। इससे अधिवक्ताओं व वादकारियों तथा फरियादियों को कोर्ट तथा कार्यालय पहुँचने में कठिनाई हुआ करती है।डीएम ने समस्या के समाधान को लेकर लालगंज एसडीएम से इस्टीमेट भेजे जाने के निर्देश दिये। ज्ञापन में लालगंज चौक पर डग्गामारी व अतिक्रमण हटवाने एवं ट्रेजरी कार्यालय के पुनः संचालन की माँग भी उठायी गयी है। ज्ञापन के जरिये ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने लालगंज बाजारखास में सर्राफ फेरी ब्यापारी की हत्या को लेकर निराश्रित बालिकाओं के भरण पोषण एवं पठन पाठन के लिये शासकीय मदद का अनुरोध रखा।डीएम अभिषेक पांण्डेय ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को शासन की बाल सेवा योजना के तहत कारवाई के निर्देश दिये। यह जानकारी महासचिव अनिल त्रिपाठी ने विज्ञप्ति में दी है।



उमेश द्विवेदी की लगातार तीसरी जीत से प्रतापगढ़ के नाम जुड़ा नया सियासी रिकॉर्ड

भाजपा शिक्षक विधायक ने छह हजार से अधिक मतों से दर्ज की जीत शिक्षकों और समर्थकों में जश्न का माहौल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। विधान परिषद के चुनाव में भाजपा के शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने लगातार तीसरी बार शानदार जीत दर्ज कर प्रतापगढ़ के नाम नया सियासी रिकॉर्ड जोड़ दिया है। छह हजार से अधिक मतों के अंतर से मिली इस जीत को शिक्षकों के बीच उनके मजबूत जनाधार और नेतृत्व पर भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। प्रतापगढ़ के लालगंज क्षेत्र के मूल निवासी उमेश द्विवेदी लगातार तीन बार शिक्षक विधायक निर्वाचित होने वाले जिले के पहले जनप्रतिनिधि बने हैं।

चुनाव मतगणना के पहले ही चक्र से उमेश द्विवेदी ने बढ़त बना ली थी। दूसरे चक्र में भी उनकी बढ़त कायम रही और अंततः उन्होंने बड़े अंतर से जीत हासिल की। अपने दोनों कार्यकाल के दौरान शिक्षकों के लगातार संपर्क में रहने और उनकी समस्याओं को सदन से लेकर सरकार तक उठाने को उनकी सफलता का प्रमुख आधार माना जा रहा है। जीत की खबर मिलते ही उनके घर, परिवार और नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष लालकृष्ण प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. राकेश सिंह, प्रबंधक महासभा अध्यक्ष गंगा प्रसाद पाण्डेय, एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, बाबा तिवारी, शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, अंजनी अमोघ, सर्वेश मिश्र, संतोष मिश्र, विष्णु सिंह, नवीन शुक्ल और सौरभ त्रिपाठी ने इसे शिक्षक सम्मान की बड़ी उपलब्धि बताया। वहीं संतोष द्विवेदी, महेश द्विवेदी, संजय द्विवेदी, मनीष मिश्र फौजी, राजेशचंद्र तिवारी और शैलेन्द्र मिश्र सहित समर्थकों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश के शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



बच्चों की पढ़ाई को तकनीक का नया आयाम देंगे शिक्षक, एआइ प्रशिक्षण का पांचवां बैच पूरा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। कक्षाओं में बच्चों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने और पढ़ाई को अधिक रोचक व प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को तकनीकी रूप से दक्ष किया जा रहा है। इसी कड़ी में एआइ विषयक आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण के पांचवें बैच का समापन शुक्रवार को हो गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आइसीटी) के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर बनाने के तरीके बताए गए।



प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष जोर रहा कि शिक्षक तकनीक का इस्तेमाल केवल जानकारी देने तक सीमित न रखें, बल्कि बच्चों की समझ, सीखने की गति और शैक्षिक जरूरतों के अनुरूप शिक्षण को अधिक प्रभावशाली बनाएं। इसके लिए शिक्षा में आइसीटी का परिचय, डिजिटल साक्षरता, साइबर नैतिकता, फेक न्यूज की पहचान और एआइ के शैक्षणिक उपयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

संदर्भदाता देवेश कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, शबनम सिद्दीकी, अनामिका सिंह, देवेंद्र सिंह और हरिओम सिंह ने अलग–अलग सत्रों में आइसीटी आधारित मूल्यांकन, विद्यालयों में तकनीकी संसाधनों का प्रबंधन, डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा की बारीकियां समझाईं। प्रशिक्षण के जरिए शिक्षकों को डिजिटल संसाधनों के सुरक्षित इस्तेमाल और कक्षा शिक्षण में तकनीक के बेहतर समावेश के लिए तैयार किया गया।

समापन अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता अनूप कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। उन्होंने प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी दक्षता का लाभ विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई को गुणवत्तापूर्ण और रुचिकर बनाने में लेने पर जोर दिया।

अब स्कूल से गैरहाजिर बच्चों के घर बजेगी शिक्षा विभाग की फोन काल

बच्चों की नियमित उपस्थिति उनकी शैक्षिक प्रगति के लिए बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से ब्लाक संसाधन केंद्र में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां से विद्यालयों में अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से सीधे फोन पर संपर्क कर उन्हें नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विद्यालयवार उपस्थिति और अभिभावकों से हुई बातचीत का विवरण भी पंजिका में दर्ज होगा। सभी नामित कार्मिकों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

नीरज कुमार उमराव, खंड शिक्षा अधिकारी, कड़ा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। स्कूल से लगातार गायब रहने वाले बच्चों की अब शिक्षा विभाग सीधे घर तक पहुंच बनाएगा। विद्यालय में बच्चे की अनुपस्थिति होते ही उसके अभिभावकों तक शिक्षा विभाग की फोन काल पहुंच सकती है। उनसे पूछा जाएगा कि बच्चा स्कूल क्यों नहीं आ रहा है और उसे नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित भी किया जाएगा। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की घटती उपस्थिति और लगातार गैरहाजिरी की समस्या से निपटने के लिए कड़ा ब्लाक में शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। इसके तहत ब्लाक संसाधन केंद्र में बाकायदा कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। यहां से विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पर नजर रखने के साथ अनुपस्थित छात्र–छात्राओं के अभिभावकों से सीधे संपर्क किया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज कुमार उमराव ने कंट्रोल रूम के संचालन की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए बुधवार को कार्यालय के कार्मिकों के लिए आदेश जारी किया है। इसके तहत ब्लाक संसाधन केंद्र के तीन कार्यालय सहायकों वीरेंद्र सिंह, शकील अहमद और संदीप विश्वकर्मा को नामित किया गया है। ये कार्मिक विद्यालयों से प्राप्त उपस्थिति संबंधी सूचनाओं के आधार पर अनुपस्थित बच्चों के अभिभावकों को फोन करेंगे। बातचीत के दौरान बच्चे के स्कूल न आने का कारण जानने के साथ उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया जाएगा।

अब सिर्फ हाजिरी नहीं, गैरहाजिरी का भी देना होगा हिसाब

इस व्यवस्था की खास बात यह है कि अब विद्यालयों में केवल बच्चों की उपस्थिति दर्ज करना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों की जानकारी भी विभाग तक पहुंचेगी। कंट्रोल रूम में विद्यालयवार छात्र उपस्थिति का ब्योरा रखा जाएगा। किस विद्यालय में कितने बच्चे अनुपस्थित हैं, उनके अभिभावकों से कब संपर्क किया गया और बातचीत के दौरान क्या जानकारी मिली, इसका पूरा विवरण निर्धारित पंजिका में दर्ज किया जाएगा। कंट्रोल रूम से प्राप्त सूचनाओं की नियमित जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को भी उपलब्ध कराई जाएगी।

अभिभावकों की जिम्मेदारी भी होगी तय

शिक्षा विभाग की इस पहल के जरिए अभिभावकों को भी बच्चों की पढ़ाई के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया जाएगा। कई बार बच्चे बिना किसी स्पष्ट कारण के लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है और सीखने की प्रक्रिया में पिछड़ने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में अभिभावकों से सीधा संवाद स्थापित कर अनुपस्थिति के कारणों को समझने और समस्या का समाधान तलाशने का प्रयास किया जाएगा। विभाग की मंशा केवल अनुपस्थिति का आंकड़ा जुटाना नहीं, बल्कि स्कूल से दूरी बना रहे बच्चों को दोबारा नियमित शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। खंड शिक्षा अधिकारी ने नामित कार्मिकों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कंट्रोल रूम का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अब कड़ा ब्लाक में बच्चों की गैरहाजिरी पर विभागीय निगरानी के साथ अभिभावकों तक भी जवाबदेही पहुंचेगी।

ऐरायां ब्लॉक में किसानों ने देखा पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्र के ऐरायां विकासखंड सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त जारी किए जाने के कार्यक्रम का शुक्रवार को लाइव प्रसारण दिखाया गया। गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम को देखने के लिए करीब एक सैकड़ा किसान सभागार में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह रहे। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) देवेंद्र कुमार मिश्रा, बीज गोदाम प्रभारी विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। किसानों को योजना के साथ ही कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान बताया गया कि देशभर में 9.34 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के खातों में 18,680 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई है। इसके तहत प्रत्येक पात्र किसान को दो हजार रुपये की किस्त मिली।

कथा में शामिल हुये प्रमोद के मीडिया प्रभारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। रानीगंज नगर में पूर्व मंत्री प्रोफेसर शिवाकांत ओझा के संयोजन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में विश्राम दिवस पर राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल शामिल हुऐ। अधिवक्ता अनिल तिवारी महेश के साथ उन्होने कथा ब्यास राघवाचार्य जी का मंगलाशीष ग्रहण किया।

रामकथा में सहभागिता के लिए दिया गया निमंत्रण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के खानीपुर निवासी जनसत्ता दल के ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू सिंह के आवास पर विधान परिषद सदस्य कुंवर अक्षय प्रताप सिंह पहुंचे। उन्होंने कुंडा में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा का निमंत्रण दिया। साथ ही क्षेत्र के लोगों से कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहभागिता करने का आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कुलदीप पटेल, छतोह ब्लॉक प्रमुख विशाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य लल्लन सिंह, अशोक धर द्विवेदी सहित ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

तीसरी बार शमशाद बने प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष

मनोनयन पर पत्रकारों ने दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। प्रेस क्लब ऑफ यूपी ने जनपद के वरिष्ठ पत्रकार मो. शमशाद को लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष मोहित श्रीवास्तव ने उनके पत्रकारिता अनुभव और संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए यह जिम्मेदारी पुनः सौंपी है। उनके मनोनयन पर जिले के पत्रकारों और संगठन के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जताई। पत्रकारों ने उम्मीद व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा और पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। जिलाध्यक्ष मो. शमशाद ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की ओर से जताए गए विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पत्रकारों के सम्मान, अधिकारों और हितों की रक्षा के साथ संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें सक्रिय और कर्मठ पत्रकारों को जिम्मेदारी सौंपकर संगठन की गतिविधियों को गति दी जाएगी।



महिला के साथ मारपीट व धमकी के आरोप में चार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक सद्दी गांव की एक महिला का आरोप है कि उसके विपक्षी मारपीट कर धमकी दे रहे थे, पीड़िता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक सद्दी गांव निवासी काजल देवी पत्नी अनुज कुमार ने मंझनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गुरुवार को विपक्षी का एक बच्चा उसके घर आ गया जिसको लेकर विपक्षी उसको व सास चन्द्रावती देवी के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सागर उर्फ गोविंद भट्ट , विजय भट्ट , संगीता देवी , राजरानी आदि के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

घर के सामने खड़ा ई रिक्शा चोरी, अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी गांव में घर के सामने खड़ा ई रिक्शा तीन दिन पहले चोरों ने पार कर दिया, वाहन स्वामी के खोजबीन के बाद भी ई रिक्शा का पता नहीं चल सका। अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर काजी गांव निवासी आशीष पुत्र अमृतलाल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 27 अक्टूबर को चार बजे के करीब घर के सामने खड़ा ई रिक्शा अज्ञात चोरों ने पार कर दिया काफी खोजबीन के बाद भी ई रिक्शा का पता नहीं चल सका। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

दो बकरा व चार बकरी चोरी, अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के पलटीपुर अंदावा गांव में बीती रात चोरों ने दो बकरा व चार बकरी चोरी कर फरार हो गए, पशु पालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। कोखराज थाना क्षेत्र के पल्टीपुर अंदावा गांव निवासी लालचंद्र पुत्र स्व मूलचंद्र ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती रात वह परिवार के साथ खाना पीना खाकर सो गया, करीब डेढ़ बजे रात अज्ञात चोरों ने घर के बरामदे में बंधी दो बकरा व चार बकरी चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

जिला कारागार में 86 बंदियों को वितरित किए चश्मे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। रेडक्रास के संस्थापक सर जॉन हेनरी ड्यूनेंट की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की ओर से जिला कारागार में चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में 70 पुरुष और 16 महिला बंदियों को चश्मे वितरित किए गए। इससे पहले जगदम्बा आई क्लीनिक के डॉ. विवेक अग्निहोत्री ने सभी बंदियों का नेत्र परीक्षण किया था। जेल अधीक्षक नागेश सिंह ने इस मानवीय पहल के लिए डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जेलर जितेंद्र कुमार यादव, डॉ. सतीश चंद्र, संजीव कुमार और मीनाक्षी त्रिपाठी मौजूद रहे।

राजस्व मामलों को लंबित न रखें, फरियादियों को समय से मिले न्याय-जिलाधिकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर (अमरेश चंद्र पाण्डेय) । जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यो कर करेत्तर, मुख्य देय एवं राजस्व वसूली तथा चकबन्दी कार्य प्रगति की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदारोंध्नायब तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्बे समय से लम्बित यथा तीन से पांच वर्ष एवं पांच वर्ष से अधिक लम्बित मुकदमों के निस्तारण में विशेष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि तहसीलों में राजस्व से जूड़े मामलों को लम्बित न रखा जाए आम जन मानस को न्याय के लिए अधिक समय तक भटकना न पड़े अतएव सभी राजस्व अधिकारी अपने न्यायालय में प्रतिदिन वादों की सुनवाई कर मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि राजस्व परिषद द्वारा अब प्रत्येक कोर्टवार सम्बन्धित अधिकारी से समीक्षा की जायेगी। अधिक से समय से लम्बित पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं ही जिम्मेदार होगा। उन्होंने निविर्वाद उत्तराधिकार के संबंध में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कहा कि निर्विवाद उत्तराधिकार-धारा-34 के मामलों में नियमानुसार निर्धारित समय सीमा के अर्न्तगत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

किसी भी मामलों को निरस्त करनेध्पेंडिग रखने का स्पष्ट कारण का उल्लेख किया जाए। शिकायते मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आया है कि पिताध्अभिभावक की मृत्यु के बाद वारिशानध्पुत्रों के नाम चढ़ाने जैसे मामलों में अधिक आपत्तियां आ रही है बिना स्पष्ट कारण मामला निरस्त



करने वालें अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाएगी। धारा-34, 24 व धारा-67 पर जिलाधिकारी ने कहा कि साक्ष्य के अभाव में पेंडिंग न रखा जाए लेखपाल समय से रिपोर्ट लगाए तथा अन्य राजस्व मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर पैमाइश कराकर विवाद का निपटारा कराएं।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट व तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि वसूली के कार्य में तेजी लाते हुए विभिन्न विभागों से प्राप्त आरसी विशेषकर खनन विभाग के आरसी पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए वसूली किया जाए, समीक्षा के दौरान पाया गया कि खनन विभाग द्वारा भेजे गए आरसी का समय से बड़ी संख्या में लम्बित है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी भी व्यक्त की गई। उन्होंने तहसीलदारों को निर्देशित किया कि खसरा का शत प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0ध्सीमए डैशबोर्ड एवं चकबन्दी प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई तथा चकबंदी कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 विनोद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 विजेता, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी कीर्ति कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर महेन्द्र सिंह, चुनार अनेग सिंह, मड़िहान संतोष कुमार ओझा, लालगंज अजीत कुमार, डिप्टी कलेक्टर न्यायिक नीलम उपाध्याय व जूही प्रसाद अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

चकिया ब्लॉक सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का हुआ सीधा प्रसारण

किसानों के खातों में पहुंची 2,000 की सम्मान राशि

देवा सरकार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

चकिया, चन्दौली। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 24वीं किस्त हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को चकिया विकासखंड सभागार में किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण दिखाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता



की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री शेषनाथ पांडेय उपस्थित रहे। इसके साथ ही खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), कृषि विकास अधिकारी अजीत कुमार, उमाकांत मौर्या, सारिका मिश्रा, सतीश मौर्या तथा कृषि विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। लाइव प्रसारण के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 24वीं किस्त हस्तांतरण की जानकारी दी गई। योजना के अंतर्गत पात्र किसानों के बैंक खातों में केंद्र सरकार की ओर से ध्2,000 की किस्त सीधे हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर किसानों ने योजना को कृषि क्षेत्र और किसान परिवारों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में किसान वीरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, पारसनाथ, रूपेंद्र प्रताप सिंह, चंद्र प्रकाश उपाध्याय, कमलेश कुमार, रोहित मेहता, वंशलोचन मौर्य, काजू, अमन मौर्या, आनंद एवं देवा सरकार सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। किसानों की व्यापक उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया।

पी0एम0 किसान उत्सव दिवस का किया गया आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । कृषि विज्ञान केन्द्र, राजीव गांधी साउथ कैम्पस बीएचयू, बरकछा, मीरजापुर सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पी0एम0 किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का राजेश प्रकाश, आयुक्त, विन्ध्याचल मण्डल, पवन कुमार गंगवार जिलाधिकारी एवं विजय कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 नवम्बर 2026 को बनासकांठा, गुजरात से किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त किसानों के खाते में प्रेषित की गयी। जनपद मीरजापुर में कुल 291897 किसानों के खाते में 58 करोड़, 37 लाख 94 हजार रूपये स्थानान्तरित किया गया। पी0एम0 किसान सम्मान निधि से किसानों के लिए बहुत ही लाभप्रद है, जिस हेतु किसान भाई इस धनराशि का उपयोग अपनी खेती में बीज एवं खाद क्रय करने में उपयोग कर सकते है। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार भी होगा। साथ ही बताया गया कि बताया गया कि जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में पी0एम0 किसान सम्मान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। जनपद स्तर पर लगभग 357 कृषक कृषकगण उपस्थित हुए।

डा0 सुधीर श्रीवास्तव, जनपद सलाहकार किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पी0एम0 किसान सम्मान निधि किसान भाईयों के लिए बहुत ही उपयोगी है इसकी मदद से खेती बारी आसानी से कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन डा0 पंकज कुमार मिश्र, व0प्रा0सहा0 ग्रुप-बी द्वारा किया गया।

मेगा-वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर के मार्गदर्शन में दिनांक 01.11.2026 को बी0एच0यू0 साउथ कैम्पस, बरकच्छा, मीरजापुर में मेगा-वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर का मुख्य उद्देश्य जनपद के आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित कराकर उन्हें योजनाओं का लाभ सुलभ कराना तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को न्याय एवं सरकारी सेवाओं की मुख्यधारा से जोड़ना है। शिविर के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित ऐसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जायेगा, जिनका उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चे, महिलाएं, निर्धन एवं असहाय व्यक्ति, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान करना है।

इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान करने, पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करने, आवेदन प्राप्त करने तथा योजनाओं से संबंधित लाभ एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विभागीय स्टॉल स्थापित किये जायेंगे। शिविर में विशेष रूप से पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रमिक कल्याण योजनाओं, बाल संरक्षण एवं महिला कल्याण योजनाओं सहित अन्य विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, महिलाओं एवं बच्चों के विधिक अधिकारों, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट), घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण तथा विभिन्न विधिक प्रावधानों के संबंध में जागरूक किया जायेगा।

स्नातक एमएलसी वाराणसी सीट पर आशुतोष सिन्हा की लगातार दूसरी ऐतिहासिक जीत, सपा में हर्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र, वाराणसी। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष सिन्हा ने वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर पार्टी का गौरव बढ़ाया है। उनकी जीत से सोनभद्र के सपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। पूर्व विधायक सदर एवं राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने बताया कि यह जीत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व, पार्टी की नीतियों तथा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और एकजुटता का परिणाम है। लगातार दूसरी बार जनता का विश्वास मिलना आशुतोष सिन्हा के प्रति स्नातक मतदाताओं के भरोसे को दर्शाता है।

इस अवसर पर आशुतोष सिन्हा को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की गई कि वे स्नातक मतदाताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते रहेंगे तथा युवाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और शिक्षित बेरोजगारों के हितों के लिए सदन में मजबूती से आवाज उठाएंगे। पार्टी ने कहा कि यह जीत लोकतांत्रिक मूल्यों, जनविश्वास और जनहित की राजनीति को और मजबूत करेगी।



सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों को चिन्हित करते हुए उसमें सुधार लाया जाए। यातायात विभागध्ट्रैफिक पुलिस के द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पाट पर लोक निर्माण विभाग एवं



एनएचआई के अधिकारियों को सुधारात्मक कार्यवाही, सभी ब्लैक स्पाट पर करने का निर्देश देते हुए साइनेज, रेडियम पट्टी व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग व बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के बिना वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों फिटनेस की नियमित जांच भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों का तत्काल उपचार हेतु सभी अस्पतालों सी0एच0सी0 व जिला अस्पताल में सुविधाए सुनिश्चित की जाए तथा हिट एण्ड रन का मामलें में मृतक और घायलों को मिलने वाली सहायता राशि का भी भुगतान समय से किया जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी सहित मोटर वाहन एशोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पीईटी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराने के लिए पाली की परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने काशी नरेश



दूसरे दिन जिला प्रशासन द्वारा लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने पीईटी प्रथम विश्वविद्यालय ज्ञानपुर में पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों में जाकर निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संचालन, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, कक्ष व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाए तथा शासन एवं आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रखने, परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। जनपद के निर्धारित परीक्षा केंद्रों में बूनमैक्स कॉन्वेंट स्कूल, गोधना, जंगीगंज गोपीगंज, गुलाबधर मिश्र इंटर कॉलेज गोपीगंज, काशीराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी, मदर हलीमा पब्लिक स्कूल मर्यादपट्टी, पीएम श्री विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री इन्द्रबहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही, सेंट थॉमस स्कूल गोपीगंज, सेंट थॉमस स्कूल बेदपुर ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज गोपीगंज, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, श्री काशीराज महाविद्यालय इण्टर कॉलेज और टेंडर हार्ट पब्लिक स्कूल घोसिया औराई शामिल हैं।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय पेंशन अदालत का किया गया आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त, सभागार कक्ष में राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक देयों से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेंशन अदालत में आए प्रत्येक पेंशनरों की समस्याओं को मण्डलायुक्त द्वारा गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा कुल 61 दावे सुना गया जिसमें 26 दावों का सुनवाई स्थल पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष 35 दावों को नियमानुसार निस्तारित किये जाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अदालत में अपर आयुक्त प्रा० राज कुमार द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 विनोद कुमार सिंह, अपर निदेशकध्संयोजक पेंशन अदालत गिरीश कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी सोनभद्र इन्द्रभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मीरजापुर और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मीरजापुर व अन्य विभागों के अधिकारीगण के साथ पेंशनर्स संघ के पदाधिकारीगण तथा पेंशनर्स उपस्थित रहे।



सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर काव्य संध्या का आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र व साहित्य प्रकोष्ठ सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर 31 अक्तूबर शनिवार को शाम चार बजे से कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी आयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने देते हुए बताया कि वरिष्ठ कवि अजय चतुर्वेदी कक्का, दिवाकर द्विवेदी मेघ, सुधाकर स्वदेशप्रेम, अशोक तिवारी, दिलीपसिंह दीपक, प्रभात सिंह चंदेल, राकेश शरण मिश्र, सुशील मिश्रा, धर्मेश चौहान, दयानंद दयालु, विवेक चतुर्वेदी व मदन चौबे लौहपुरुष को समर्पित रचना पाठ करेंगे।

भदोही में महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा की जानकारी दी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, कानून और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान जिले के बाजारों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और सार्वजनिक जगहों पर चलाया गया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

यूपी में 2100 से अधिक कैंटीन बनीं आत्मनिर्भरता की `प्रेरणा'

बेहतर सुविधाओं के साथ कारोबार बढ़ाने पर दिया जाये जोर–केशव

लखनऊ, संवाददाता। सरकारी दफ्तरों में आने–जाने वाले लोगों की रोजाना की आवाजाही अब ग्रामीण महिलाओं की कमाई का जरिया बन रही है। उत्तर प्रदेश में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रोजगार और कारोबार का नया मंच बन चुकी हैं। आज ये चार हजार से अधिक परिवारों का सहारा बन गई हैं। तहसील, विकास भवन, कलेक्ट्रेट और ब्लॉक कार्यालयों जैसे सरकारी परिसरों में संचालित इन कैंटीनों ने समूहों के लिए स्थानीय स्तर पर स्थायी बाजार तैयार किया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित इस पहल के जरिये महिलाओं को अपने ही क्षेत्र में कारोबार का अवसर मिल रहा है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर उद्यमी बनाकर परिवार, समाज और प्रदेश एवं देश की आर्थिक प्रगति में भागीदार बनाना है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।प्रेरणा कैंटीनों के लिए सरकारी कार्यालयों की रोजाना की फुटफॉल कारोबार का आधार बन रही है। कर्मचारियों और आगंतुकों की आवाजाही से कैंटीनों को स्थानीय ग्राहक मिल रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार के साथ कारोबार चलाने का अनुभव भी मिल रहा है। प्रेरणा कैंटीनों का विस्तार विकासखंड स्तर तक होने से गांव के स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर कारोबार का अवसर मिल रहा है। सरकारी परिसरों को ग्रामीण आजीविका से जोड़ते हुए यहां समूहों के उत्पादों और सेवाओं के लिए नया बाजार तैयार हुआ है। प्रेरणा कैंटीनों का नेटवर्क सरकारी कार्यालयों के साथ स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच चुका है। विकास भवन, कलेक्ट्रेट और ब्लॉक कार्यालयों के अलावा पीएचसी और सीएचसी परिसरों में भी कैंटीन संचालित की जा रही हैं। इससे सरकारी कार्यालयों में आने वाले कर्मचारियों और आगंतुकों के साथ स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले



रोगियों व तीमारदारों को भी भोजन और नाश्ते की सुविधा मिल रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन निदेशक अरुण कुमार ने बताया कि प्रेरणा कैंटीनों के माध्यम से कर्मचारियों और आगंतुकों को स्वच्छ, पौष्टिक और घर जैसा किफायती भोजन व नाश्ता उपलब्ध कराया जा रहा है।कैंटीन सरकारी परिसरों की जरूरत पूरी कर रही हैं तो दूसरी ओर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए रोजगार का माध्यम बन रही हैं।

विधान परिषद चुनाव: अखिलेश बोले– धूमधाम मचाने वाले धड़ाम से गिरे, भाजपा पांच सीट नहीं 50 जिलों में हारी

लखनऊ, संवाददाता। यूपी विधान परिषद चुनाव में 5 सीटों पर जीत से उत्साहित सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि ये धूमधाम मचाने वाले लोग इन चुनाव में धड़ाम से गिर गए। भाजपा सिर्फ 5 सीट ही नहीं हारी है बल्कि 50 जिलों में हारी है। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव में सपा जनता के समर्थन से जीती है जबकि जनता में संदेश ये गया है कि भाजपा ने इन चुनाव में छल करके छह सीटें जीती हैं। जहां



साजिश है। वहीं, भाजपा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने बेईमानी से छह सीटें जीती हैं। अगर ईमानदारी से चुनाव होते तो भाजपा की जीत ऐसी न होती। उन्होंने विधान परिषद के सभी विजयी सदस्यों को बधाई दी। इस जीत से साबित हो गया है कि व्यापारी हमारे साथ हैं। आधी आबादी हमारे साथ हैं। उन्होंने वाराणसी की सीटों पर हार को लेकर सीएम योगी पर तंज कसते हुए कि काशी भले ही डूब जाए पर गोरखधंधा बंद न हो। अखिलेश यादव सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश यादव ने वाराणसी में भाजपा की हार पर कहा कि वाराणसी में डबल इंजन की डबल हार हुई है। इन चुनाव में महिला शिक्षकों ने भाजपा के खिलाफ वोट किया है। उन्होंने कहा कि अब कई अफसरों पर गाज गिरने वाली है। उन्होंने एमएलसी चुनाव में अनियमितता के आरोप भी लगाए और अमरोहा में 94 प्रतिशत मतदान पर सवाल उठाए। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह के 2027 के चुनाव में जीत के बाद प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू करने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि वो यूसीसी लागू करने लायक ही नहीं बचेंगे। 2027 का चुनाव भाईचारे का चुनाव होने जा रहा है। ये लोग हमेशा के लिए हटाये जाएंगे। जनता सांप्रदायिक राजनीति के पक्ष में नहीं है। अखिलेश यादव ने इस मौके पर भाजपा के बीते 10 वर्षों के शासनकाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में प्रदेश में 27 हजार स्कूलों को बंद किया गया। भाजपा राज में आरक्षण लूटा गया। प्रदेश में 30 से ज्यादा पेपर लीक हुए। एक तरफ स्कूलों को बंद किया गया तो दूसरी तरफ 27 हजार शराब के ठेके खुलवाए गए।

काटे जा रहे सपा समर्थकों के वोट –रामगोपाल

बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रहा है चुनाव आयोग

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने यूपी में अधिकारियों की पोस्टिंग को लेकर आरोप लगाया कि प्रदेश में ऐसे अधिकारियों को पोस्ट किया जा रहा है जो अपना आईडी और पासवर्ड बीजेपी कार्यकर्ताओं को दे रहे हैं। उन्होंने अवैध तरीके से सपा समर्थकों के वोट काटने का भी आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से इस मामले की जॉच की मांग की। रामगोपाल यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों के नियुक्ति को लेकर निशाना साधा है। सपा सांसद ने आरोप लगाया कि ये अधिकारी बीजेपी के कार्यकर्ताओं को अपना आईडी और पासवर्ड दे रहे हैं जो वीआरसी के साथ मिलकर सपा



समर्थकों के वोटों को काटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने हर विधानसभा में सपा के कम से कम दस हजार वोटों को काटने का लक्ष्य रखा है।सपा सांसद ने चुनाव आयोग से इस मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने की मॉग की है। उन्होंने एक्स पर लिखा–उत्तर प्रदेश में अब वे अधिकारी ही एसडीएम पोस्ट किए जा रहे हैं जो अपना आईडी पासवर्ड बीजेपी द्वारा डिप्यूटेड कार्यकर्ता को दे देते हैं। ये बीजेपी का कार्यकर्ता वीआरसी के साथ बैठ कर सपा के वोटों को काटने और बीजेपी के वोटों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। ओटीपी उसी आईडी पासवर्ड पर आता है जो बीजेपी के किसी व्यक्ति के पास है, वही ओके कर देता है। हर विधान सभा क्षेत्र में 10 हजार सपा समर्थकों के वोट काटने का लक्ष्य रखा गया है। निर्वाचन आयोग संज्ञान लेकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करे। समाजवादी पार्टी लगातार वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और सपा समर्थकों के वोट काटे जाने के लेकर सत्ता पक्ष पर हमलावर है। सपा का आरोप है कि चुनाव आयोग बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रहा है। अखिलेश इस मुद्दे को लेकर मुखर हैं। रामगोपाल यादव के आरोपों पर यूपी निर्वाचन अधिकारी का भी जवाब आया है। सीईओ यूपी के अधिकृत एक्स अकाउंट से पोस्ट कर अनुरोध किया गया है कि अगर यूपी की किसी विधानसभा के ईआरओ के बारे में ऐसी शिकायत या संदेह है, तो निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाएं। तुरंत जांच और आरोप सही पाए जाने पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

देश का सबसे बड़ा एम्यूजमेंट पार्क लखनऊ में दूरिस्टों को मस्ती के साथ शॉपिंग का भी मौका

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ देश के बड़े पर्यटन केंद्रों में शामिल होगा। एलडीए की प्रबंध नगर योजना में 795 एकड़ जमीन पर देश का सबसे बड़ा एम्यूजमेंट पार्क विकसित करने का प्लान है। रोमांचक झूलों और रोलर कोस्टर से लेकर वॉटर पार्क, आर्टिफिशल स्नो वर्ल्ड, रिजॉर्ट, शॉपिंग प्लाजा और कॉन्सर्ट एरिना तक बनना है।केरल की एक संस्था ने एलडीए उपाध्यक्ष के सामने इसका 3डी मॉडल और लेआउट प्रस्तुत किया है। अब दो नवंबर को होने वाली एलडीए बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। बोर्ड से सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने और ग्लोबल टेंडर की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। हालांकि अभी निर्माण शुरू होने और पार्क के तैयार होने की समयसीमा तय नहीं है। पार्क का क्षेत्रफल 795 एकड़ होगा। 330 एकड़ में फैला मुंबई–पुणे एक्सप्रेस–वे पर खोपोली इमेजिका थीम पार्क अभी देश का सबसे बड़ा पार्क है। लखनऊ का प्रस्तावित पार्क उससे 2.4 गुना बड़ा होगा। परियोजना पीपीपी मॉडल पर प्रस्तावित है। एलडीए जमीन उपलब्ध कराएगा निजी कंपनी निवेश करके पार्क का निर्माण और संचालन करेगी। परियोजना पर 1500 से 2000 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। एम्यूजमेंट पार्क विकसित करने की योजना को लेकर नियोजन संबंधी सवाल है। एलडीए का तर्क है कि आवासीय गतिविधियों के बजाय मनोरंजन और हरियाली को बढ़ावा देने वाला विकास किया जा सकता है। वीसी प्रथमेश कुमार के मुताबिक पार्क के 40 प्रतिशत हिस्से में हरियाली, थीम गार्डन और वॉटर बॉडी विकसित करने का प्रस्ताव है। केरल की संस्था ने प्रेजेंटेशन दिया है जिसने कोच्चि और बेंगलुरु में वंडरला जैसा वर्ल्ड क्लास पार्क बनाया है। पहला जोन थीम एम्यूजमेट पार्क रू इसमें भारत का सबसे बड़ा रोलर कोस्टर, रिवर्स लूपिंग कोस्टर, जॉइंट वेल, 100 फुट ऊंचा ड्रॉप टावर और वर्चुअल रियलिटी शो जैसे आकर्षण विकसित किए जा सकते हैं। दूसरा जोन वाटर और स्नो वर्ल्डरू यहां वेव पूल, 15 तरह की वाटर स्लाइड, लेजी रिवर, रेन डिस्को और कृत्रिम बर्फ वाला स्नो पार्क बनाने का प्रस्ताव है। इससे गर्मियों में भी लोगों को अलग तरह के मनोरंजन का अनुभव मिल सकेगा।तीसरा जोन रिजॉर्ट और एंटरटेनमेंट सिटी इस हिस्से में फाइव स्टार रिजॉर्ट, फूड कोर्ट, शॉपिग प्लाजा, मल्टीप्लेक्स, बच्चों के लिए प्ले एरिया और पांच हजार लोगों की क्षमता वाला कॉन्सर्ट एरिना बनाने की योजना है। इससे पर्यटकों को ठहरने और मनोरंजन की सुविधाएं एक ही परिसर में मिल सकेंगी।

पर्यावरण अनुकूल और जलवायु सहिष्णु खेती की जरूरत

खेत बचाओ अभियानरूकिसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लखनऊ, संवाददाता। राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ और कृषि विज्ञान केंद्र भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में काकोरी ब्लॉक के गोप्रमाऊ गांव में खेत बचाओ अभियान के तहत संयुक्त किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सुरक्षित कृषि–आदानों तथा एकीकृत कृषि प्रणाली के उपयोग हेतु किसानों को प्रेरित करना था।यह अभियान कृषि–रसायनों के अंधाधुंध उपयोग से मृदा क्षरण को रोकने के राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य किसानों को पर्यावरण–अनुकूल, आर्थिक रूप से लाभकारी और जलवायु–सहिष्णु खेती की ओर प्रोत्साहित करना है। विषय विशेषज्ञ डॉ. आरपी साहू और फार्म प्रबंधक दीप कुमार ने उन्नत कृषि तकनीकों एवं संसाधन प्रबंधन पर जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रेखा देवी चक्रवर्ती और वरिष्ठ तकनीकी सहायक डॉ. रंजन सिंह ने भाग लिया। उन्होंने फसल प्रणाली के साथ मत्स्य पालन एवं पशुपालन के एकीकरण पर विशेष बल दिया।गोप्रमाऊ व आसपास के गांवों के कुल 50 प्रगतिशील किसानों 25 महिला, 25 पुरुष ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अभियान के उद्देश्य और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर परिचर्चा से हुई। विशेषज्ञों ने रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी, मानव स्वास्थ्य, जल गुणवत्ता और जैव–विविधता पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। किसानों को मृदा परीक्षण एवं एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के आधार पर आवश्यकता अनुसार ही रसायनों के प्रयोग की सलाह दी गई। खाद्य श्रृंखला में कीटनाशक अवशेषों और केंचुआ, परागणकों व जलीय जीवों पर उनके दुष्प्रभाव पर भी चर्चा हुई।डॉ. चक्रवर्ती ने काकोरी क्षेत्र हेतु मीठाजल एक्वाकल्चर, तालाब–आधारित मत्स्य पालन तथा मत्स्य–सह–पशुपालन मॉडल की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

अमित शाह ने अखिलेश पर कजा तंज, कहा–

यूपी में 30 साल तक सपा की नहीं बनेगी सरकार

लखनऊ, संवाददाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि उप्र में 30 साल तक सपा की सरकार नहीं बनेगी। उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि अगर भाजपा तीसरी बार उप्र में सत्ता में आई तो यूसीसी लागू करेगी। शाह ने शुक्रवार को यहां डॉक्टर राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के सभागार में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। भाजपा सूत्रों के अनुसार अमित शाह ने 30 अक्टूबर 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि उप्र में 30 अक्टूबर का बड़ा योगदान है। इसी दिन 1990 में अयोध्या में राम भक्तों पर गोलियां चलवाकर सरकार ने सरयू नदी को खून से लाल कर दिया था। उन्होंने सपा प्रमुख से सवाल करते हुए कहा कि मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप किस मुंह से सरकार बनाने की बात करते हैं। आपने (सपा सरकार) राम भक्तों पर गोलियां चलाई और हमने (भाजपा) राम मंदिर बना दिया। उन्होंने आगे कहा, अखिलेश बाबू आप नोट कर लीजिए कि उप्र में 30 साल तक आपकी सरकार नहीं बनेगी। आपकी तीसरी पीढ़ी को भी जनता माफ नहीं करेगी। शाह ने कहा कि कल्याण सिंह ने सरकार की चिंता किए बिना विवादित ढांचे को ध्वस्त कराया। उन्होंने यह भी कहा कि उप्र में भाजपा सरकार अंगद का पैर है और उसे कोई नहीं हटा सकता है, फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है कोई दुविधा नहीं है। उन्होंने विपक्षी दलों को चुनौती देते हुए कहा, मैच हारने के बाद अंपायर पर आरोप लगा है कि वोट चोरी हुई। भाजपा संसद में चर्चा के लिए तैयार है, एक बार आइए विशेष सत्र बुलाते हैं हम एक–एक बात का जवाब देने को तैयार है, संसद में चर्चा कीजिए।

कार्यालय सेवा प्रबन्धक

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम

प्रयागराज

पत्रांक 6562 / जन / पीआर/क्षे0प्र0/ कैन्टीन/आनलाईन निविदा/2026 दिनांक 30/10/7026

ई-टेण्डर/निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, प्रयागराज क्षेत्र के प्रतापगढ़ बस स्टेशन पर बुक स्टाल का ठेका संचालित किए जाने हेतु दिनांक 31.10.2026 को 10.00 बजे से दिनांक 16.11. 2026 को 17.00 बजे तक ऑफलाइन निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमन्त्रित किया गया है। निविदा उक्त अवधि में देवसाइट **www.upsrtc.up.gov.in** से डानलोड किया जा सकेगा। तकनीकी निविदा दिनांक 17.11.2026 को 15.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में अर्ह पाए गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदा भी दिनांक 17.11.2026 को खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी परिवहन निगम की बेवसाइट **www.upsrtc.up.gov.in** उपलब्ध है।

ह0/-

क्षेत्रीय प्रबन्धक

संक्षिप्त

महिला अभ्यर्थियों की नथ–बाली उतरवाई, परीक्षा केंद्रों में एंट्री से पहले 3–लेयर चेकिंग

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में शुक्रवार को पीईटी–2026 (प्रारंभिक अर्हता परीक्षा) दूसरे दिन आयोजित हो रही है। राजधानी में इसके 45 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक है, जबकि दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। पहली पाली के अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 8 बजे से शुरू हो गया। एंट्री से पहले 3–लेयर चेकिंग की गई। एंट्री से पहले चेकिंग के दौरान महिला अभ्यर्थियों की नथ–बाली उतरवाकर सेंटर के बाहर ही रखवा दी गई। पहली पाली के ज्यादातर अभ्यर्थियों ने बताया कि मैथ्स आसान और जीएस कठिन थी। बस्ती से पेपर देने आए राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि पेपर ओवरऑल मॉडरेट लेवल का था। हिंदी का पार्ट अच्छा था। अपठित गद्यांश ठीक रहा। आंबेडकरनगर के सूरज मौर्या ने बताया कि मैथ्स और डीआई आसान था। जीएस और करेंट अफेयर्स का सेक्शन थोड़ा टफ था।

सआदतगंज ट्रिपल मर्डर, फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलेगा केस : डीजीपी

लखनऊ, संवाददाता। सआदतगंज ट्रिपल मर्डर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी। शासन और पुलिस महकमे की ओर से पीड़ित परिवार को पूरा भरोसा दिलाया गया है कि कानूनी पैरवी में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी। अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से सीधे मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं जताईं। इस दौरान डीजीपी राजीव कृष्ण ने साफ किया कि मुकदमे का निस्तारण तेजी से कराने के लिए सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। पुलिस कोर्ट में मजबूती से पैरवी करेगी ताकि आरोपियों का दोष सिद्ध हो सके और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिले। इसके साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिया गया है। सआदतगंज थाना क्षेत्र में पार्किंग और चबूतरा निर्माण के मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी ऋषभ शुक्ला पूर्व मर्चेंट नेवी कर्मचारी ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। इस वारदात में सचिवालय से सेवानिवृत्त शिवाजी तिवारी, उनके भाई शिवेंद्र उर्फ शंभू तिवारी और बेटे सुयश तिवारी की मौत हो गई थी। मृतक सुयश तिवारी की आगामी 5 दिसंबर को शादी होने वाली थी। घटना के बाद परिजनों ने पुलिस की पुरानी ढिलाई पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई थी। मामले में मुख्य आरोपी ऋषभ शुक्ला और उसके परिवार के कई लोग जेल भेजे जा चुके हैं। फरार आरोपी चाचा राजेश शुक्ला और बहन दिव्या पर 25–25 हजार का इनाम घोषित कर पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इससे पहले उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी परिवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट में पैरवी, सरकारी मदद और सुरक्षा का आश्वासन दे चुके हैं। अब डीजीपी के फास्ट ट्रैक कोर्ट के ऐलान से परिवार को त्वरित न्याय की उम्मीद जगी है।

भाषा विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता रैली निकाली गई

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के तहत रैली निकाली गई। कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित रैली के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को ईमानदारी, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति अपनाने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और जिम्मेदारी से करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया। आयोजन में कुलसचिव विकास, उप कुलसचिव मोहम्मद साहिल और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास ने सहयोग किया।

विशेष टीईटी में शामिल होने के लिए सेवारत शिक्षकों व स्पेशल एजुकेटर्स को मिलेगा अवकाश, आदेश जारी

यूपी में 3 नवंबर को होने वाली विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा में शामिल होने के लिए सेवारत शिक्षकों व स्पेशल एजुकेटर्स के लिए अवकाश की घोषणा की गई है। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। शिक्षक संगठन लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। विशेष पात्रता परीक्षा का आयोजन तीन नवंबर को दो पालियों में आगरा, गोरखपुर, लखनऊ, मेरठ, प्रयागराज और वाराणसी के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 131 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा पूर्वान्ह 9.30 बजे से 12 बजे तक व दूसरी पाली की परीक्षा अपरान्ह 2.30 बजे से 5.00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

यूपी में मिलावट और नशे के खिलाफ छापेमारी, शुद्ध ही शुभ अभियान में कई लाइसेंस कैंसिल

लखनऊ। त्योहारों से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में मिलावटखोरों और ड्रग्स माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। एक ओर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने शुद्ध ही शुभ हैश अभियान के तहत प्रदेश के 38 जिलों में व्यापक छापेमारी कर मिठाइयों व खाद्य पदार्थों में मिलावट पर नकेल कसी, वहीं दूसरी ओर राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने उरई के डकोर क्षेत्र में गुलाब जल की आड़ में चल रही फैक्टरी का भंडाफोड़ कर भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद की है। एफएसडीए उत्तर प्रदेश ने चित्रकूट मंडल को छोड़ कर गुरुवार को प्रदेश के 17 मंडलों के 38 जनपदों में मिठाई एवं नमकीन विनिर्माण प्रतिष्ठानों का व्यापक निरीक्षण किया है। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों का असुरक्षित भंडारण, चूहों की मौजूदगी, गंदे निर्माण स्थल, कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता में कमी और आवश्यक अभिलेखों का अभाव पाया गया।अभियान के तहत 260 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 303 खाद्य नमूनों का संग्रह, 229 सुधार सूचनाएं जारी करने और 15 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस अथवा पंजीकरण के निलंबन की संस्तुति की गई। कार्रवाई के दौरान 7,660 किलो खाद्य पदार्थ जब्त या नष्ट किए गए। इसकी अनुमानित कीमत 15.40 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। निरीक्षण में रायबरेली के सागर जी परफेक्ट शॉप, स्टेशन रोड पर मिठाइयां अंधेरे और अत्यधिक गंदगी वाले स्थान पर खुले में रखी मिलीं।

कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी का किया खुलासा

मेरठ के तीन शातिर अवैध शस्त्र तस्कर गिरफ्तार

दो तमंचे,एक पिस्टल,तीन मोबाइल और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद; हथियार सप्लाई करने वाले सितारा की तलाश

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।कोतवाली नगर पुलिस ने अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए मेरठ निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, एक पिस्टल .32 बोर मय मैगजीन,तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल बरामद की है।पुलिस के अनुसार गुरुवार रात्रि को सूचना मिली थी कि कुछ लोग न्याजुपुरा से चरथावल रोड पर काली नदी पुल के पास अवैध हथियार बेचने के लिए मौजूद है।सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस ने मौके से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चांद पुत्र रहीमुद्दीन निवासी आजाद



नगर, मौहम्मद अहमद पुत्र रहीसुद्दीन निवासी तहसील टाउन,सवींदय स्कूल के पीछे तथा समीर पुत्र जान मौहम्मद निवासी कमरा नवा,बान कालोनी,थाना सरधना,मेरठ के रूप में हुई है।पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे सितारा पुत्र तरीकत निवासी मैनापुट्ठी,थाना सरूरपुर, मेरठ से तीन-चार हजार रुपये में तमंचे खरीदकर छह-सात हजार रुपये में बेचते थे।वहीं पिस्टल 30 से 35 हजार रुपये में खरीदकर 45 से 60 हजार रुपये तक में बेचते थे। हथियारों की बिक्री से मिलने वाला मुनाफा आपस में बांट लेते थे।आरोपी बरामद हथियारों को बेचने के लिए ही मुजफ्फरनगर आए थे। मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट पहचान छिपाने के लिए हटाई गई थी।एसएसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन,एसपी सिटी अमृत जैन के पर्यवेक्षण तथा एएसपी एवं सीओ नगर सिद्धार्थ के मिश्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी कोतवाली नगर बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 484/2026 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हथियार सप्लाई करने वाले वांछित आरोपी सितारा की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।पुलिस गिरोह के आगे और पीछे के संपर्कों की भी जांच कर रही है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक गोविंद चौधरी,अभिमन्यु सिंह तथा कांस्टेबल मनीष,वेदराम,हर्ष कुमार,अमित कुमार और रवि शामिल रहे।

दिल्ली की इंडिया गठबंधन रैली में 50 बसों से जाएंगे मुजफ्फरनगर के 2000 कार्यकर्ता : जिया चौधरी

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।दिल्ली के रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली में मुजफ्फरनगर से करीब दो हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे।इसके लिए समाजवादी पार्टी ने 50 बसों से कार्यकर्ताओं को दिल्ली ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।रैली की तैयारियों को लेकर सपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जिया चौधरी की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की रैली राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।इसमें जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे।उन्होंने बताया कि 50 बसों के माध्यम से करीब दो हजार कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।इसके लिए जिला,महानगर संगठन और विभिन्न-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।सभी पदाधिकारी अपने-अपने



क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रैली में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।बैठक में पूर्व सांसद कादिर राणा,राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी,जिला महासचिव सोमपाल कोरी,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी व श्यामलाल सैनी,प्रदेश सचिव नौशाद अली, गौरव जैन,डॉ. मोनिका सिंह और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि ने भी विचार रखे। सभी ने रैली को सफल बनाने के लिए संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।इसके अलावा शिवान सैनी,कमल गौतम,महिला सभा जिलाध्यक्ष पूजा अंबेडकर,मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक,अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार,शिक्षा सभा जिलाध्यक्ष अक्षय कुमार,सैनिक सभा जिलाध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष ओमपाल सिंह,पंकज सैनी, अजय कुमार,रविकांत त्यागी,तहसीन मंसूरी, मौलाना नजर,धर्मेंद्र नीटू,सादिक चौहान,संजीव आर्य,सत्यदेव आर्य,सर्वेंद्र राठी,असद पाशा, इमरोज पायलट,सलीम मलिक,हाजी गुफरान, दर्शन पाल,साजिद हसन,अनुज गुर्जर,पवन पाल, तरुण शर्मा,डॉ. अली शेर और युधिष्ठिर पहलवान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक में सभी ने एकजुट होकर दिल्ली रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

सरकारी और सार्वजनिक भवनों के संरक्षण के लिए सामूहिक पहल जरूरी, छोटी लापरवाही से बच सकती है करोड़ों की संपत्ति

सरकारी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भवनों की नियमित देखभाल करने की अपील

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।एडीएम वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह ने सरकारी कार्यालयों,विद्यालयों और सार्वजनिक भवनों की देखभाल को लेकर अपील जारी करते हुए सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की है।उन्होने अपील जारी करते हुए कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित भवन धीरे-धीरे जर्जर हो जाते हैं, जबकि समय रहते छोटी-मोटी मरम्मत और नियमित निगरानी से बड़े नुकसान को रोका जा सकता है।अपील में कहा गया है कि भवनों की छतों की नियमित सफाई कराई जाए और वर्षा जल की निकासी के लिए बने ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त रखा जाए,ताकि छतों पर पानी जमा न हो।छतों पर उगने वाली घास-फूस और पेड़-पौधों को समय रहते हटाया जाए, क्योंकि उनकी जड़ें भवनों में दरार पैदा कर सकती है।इसके साथ ही दीवारों में दरार,सीलन, प्लास्टर टूटने और पानी के रिसाव जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान कराया जाए।कार्यालयों और सार्वजनिक परिसरों में स्वच्छता बनाए रखने,अनुपयोगी सामग्री एवं मलबे का उचित निस्तारण करने तथा विद्यालयों और अन्य सार्वजनिक भवनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई गई है।अपील में कहा गया है कि भवनों का संरक्षण केवल सरकार या किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि यह सभी का सामूहिक दायित्व है। सरकारी भवन जनता की गाढ़ी कमाई से तैयार होते हैं और आने वाली पीढ़ियों की महत्वपूर्ण धरोहर है।इनके रखरखाव के लिए हमेशा बड़े बजट की जरूरत नहीं होती,बल्कि समय पर की गई छोटी मरम्मत और नियमित निगरानी से बड़ी आर्थिक क्षति रोकी जा सकती है।सभी से अपने कार्यस्थल, विद्यालय, आवास और आसपास के भवनों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की गई है, ताकि सार्वजनिक संपत्ति सुरक्षित रहे और देश के संसाधनों की बचत हो सके।

ग्राम पंचायत खदगौरा में बहू-बेटी सम्मेलन का हुआ आयोजन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस



बलरामपुर। दिनांक 30/10/2026 को थाना पचपेड़वा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरीय बहु बेटी सम्मेलन ग्राम खदगौरा में मिशन शक्ति टीम/ महिला बीट आरक्षी और सुगमकर्ताओं द्वारा आयोजित बहु बेटी सम्मेलन में भाग लेकर प्रथम गतिविधि 'हमारा संबंध जाल' कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में आपसी विश्वास, सम्मान, समानता, सहयोग एवं संवाद के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभाग करने वाली महिलाओं व बालिकाओं को यह संदेश दिया गया कि मजबूत पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी को महिलाओं एवं बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा तथा सकारात्मक पारिवारिक वातावरण बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई, तथा पंपलेट वितरण किया गया।

बुढ़ाना के रोजगार मेले में 346 अभ्यर्थियों का चयन, 640 ने लिया प्रतिभाग

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।जिला सेवायोजन कार्यालय एवं डीएवी डिग्री कॉलेज, बुढ़ाना के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कॉलेज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान ने किया।इस अवसर पर विधायक राजपाल बालियान ने अभ्यर्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिग्री के साथ हुनर होना भी जरूरी है।युवाओं को रोजगार मेले में उपलब्ध अवसरों की जानकारी लेकर पूरी लगन से अपने शैक्षिक विषयों की तैयारी करनी चाहिए और आत्मविश्वास के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए।रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 10 कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार एवं परीक्षा आयोजित की। इसमें कुल 640 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया,जिनमें से 346 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मेले में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, सुब्रोस लिमिटेड और एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सहित विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया।इस अवसर पर डीएवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार,राजकीय आईटीआई लोई बुढ़ाना के प्रधानाचार्य अंकित सिंघल तथा जिला सेवायोजन अधिकारी पारुल सिंघल ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रोजगार मेले के आयोजन में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं डीएवी डिग्री कॉलेज के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के निर्देश

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता एडीएम वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह ने की।उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की ओर से उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि उद्योगों से जुड़ी समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।बैठक में लघु उद्योग भारती मुजफ्फरनगर की ओर से जिलाध्यक्ष जगमोहन गोयल,जिला सचिव मयंक मित्तल,पंकज मित्तल,फकीर चंद मोगा,अमन सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से मुजफ्फरनगर में जल निकासी और विकास कार्यों के लिए 16.74 करोड़ रुपये मंजूर

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।शहर की जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए शासन ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) के तीन विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं पर कुल 16 करोड़ 74 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के प्रयासों से स्वीकृत इन योजनाओं के तहत नालों का निर्माण, नालों को ढककर सड़क बनाने और सार्वजनिक स्थलों के विकास का कार्य कराया जाएगा।नगर विधायक एवं मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या को शासन और संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया था।प्रस्तावों को मंजूरी मिलने से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी बेहतर होने और जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है।जानसठ रोड से कूकड़ा तक 10.20 करोड़ रुपये खर्च होंगे।जानसठ रोड से सहावली की ओर जाने वाले मार्ग पर करीब 500 मीटर लंबे नाले को ढका जाएगा। इसके अलावा जानसठ रोड से कूकड़ा की ओर पूर्व निर्मित आरसीसी नाले तक लगभग 500 मीटर अतिरिक्त नाले का निर्माण कर उसे जोड़ा जाएगा।इस तरह करीब एक किलोमीटर लंबी नाला व्यवस्था विकसित होगी।नाले को ढककर सड़क बनाने से आवागमन में भी सुविधा मिलेगी।जीसी पब्लिक स्कूल से गांधी नगर पुलिया तक बनेगा नाला।इस परियोजना पर 4.51 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके तहत करीब 800 मीटर लंबे आरसीसी नाले का निर्माण कराया जाएगा। इससे घनी आबादी वाले क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को जलभराव से राहत मिलने में मदद मिलेगी।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुजफ्फरनगर का सुनियोजित विकास, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।इन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया जाएगा,ताकि आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल सके।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में शहर में सड़क,जल निकासी और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है।एमडीए के माध्यम से स्वीकृत इन परियोजनाओं से शहर की जल निकासी व्यवस्था मजबूत होने और प्रभावित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है।

परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर एसपी सिटी अमृत जैन ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (ईआर) को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।इसी क्रम में शुक्रवार को एसपी सिटी अमृत जैन ने निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता और मुस्तैदी परखी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।एसपी सिटी ने परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर भी जोर दिया ताकि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इस दौरान एएसपी/सीओ सिटी सिद्धार्थ के. मिश्रा सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सरकार की प्राथमिकताओं के केंद्र में हैं किसान : डा0 वीरपाल निर्वाल

डा0 एम ए तोमर

मुजफ्फरनगर।विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त हस्तांतरण के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान 9.34 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18,680 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि हस्तांतरित की गई।साथ ही कृषि अवसंरचना कोष के अंतर्गत विकसित 521 इकाइयां राष्ट्र को समर्पित की गईं और 12 हॉर्टिकल्चर क्लस्टर्स का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि जिला पंचायत प्रशासक डा. वीरपाल निर्वाल ने गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सजीव संबोधन को सुना और उपस्थित किसानों से संवाद किया।उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में किसान सबसे आगे हैं।किसानों को पर्याप्त संसाधन,बीज, उर्वरक उपलब्ध कराने के साथ फसलों का लाभकारी मूल्य और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।कार्यक्रम के दौरान भोकरहेड़ी निवासी किसान रामकुमार शर्मा के मोबाइल पर खाते में किसान सम्मान निधि की 2,000 रुपये की किस्त पहुंचने का संदेश आया।इस पर उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार जताया।कार्यक्रम में लोकदल जिलाध्यक्ष संजय राठी, एडीएम वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह,उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, कृषि वैज्ञानिक डा. सविता आर्य,स्टेनो अक्षय शर्मा,भाजपा के रामकुमार शर्मा सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

दिवाली के लकी ड्रॉ में सविता की चमकी किस्मत,मुफ्त में मिली नई ऑल्टो के 10

ढोल-नगाड़ों के बीच एमके भाटिया ने खुद कार में बैठाकर सौंपी चाबी,भाई और छोटी बहन भी बने खुशी के पल के गवाह

डा0 एम ए तोमर
प्रातःकाल एक्सप्रेस





पंचकूला/मुजफ्फरनगर ।प्राप्त समाचार के अनुसार एमके भाटिया ग्रुप की ओर से आयोजित दिवाली लकी ड्रॉ में विजेता बनीं सविता को नई ऑल्टो के 10 कार उपहार में मिली।लंबे इंतजार के बाद जब उन्हें कार की चाबी सौंपी गई तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।ढोल-धमाकों और उत्साह के बीच ग्रुप के प्रमुख एमके भाटिया ने खुद सविता को नई कार में बैठाकर चाबी सौंपी।दुल्हन की तरह सजी नई कार को देखकर सविता के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।इस यादगार मौके पर उनकी छोटी बहन और भाई भी मौजूद रहे।परिवार के साथ उन्होंने इस खुशी के पल को कैमरे में कैद किया।एमके भाटिया ग्रुप की ओर से गार्ड से लेकर अधिकारियों तक सभी कर्मचारियों के लिए आयोजित इस लकी ड्रॉ ने दिवाली के उत्सव को खास बना दिया।सविता के लिए यह दिवाली एक ऐसा यादगार तोहफा लेकर आई, जिसे वह जीवनभर नहीं भूल पाएंगी।

एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

डा0 एम ए तोमर



मुजफ्फरनगर।जड़ौदा स्थित होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एआई की कार्यप्रणाली,उपयोगिता और दैनिक जीवन में बढ़ते प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया।कार्यशाला में मुख्य वक्ता शुभी वर्मा,कृत्रिम बुद्धिमत्ता विशेषज्ञ एवं प्रोफेसर एमआईईटी कॉलेज मेरठ तथा शिखा चौहान ने विद्यार्थियों को बताया कि एआई आज शिक्षा,स्वास्थ्य, संचार,अनुसंधान और व्यावसायिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि एआई किस प्रकार आंकड़ों का विश्लेषण कर जानकारी जुटाने,समस्याओं का समाधान खोजने और नई सामग्री तैयार करने में मदद करता है।स्पैम ईमेल की पहचान करने वाली प्रणाली के उदाहरण से इसकी कार्यप्रणाली भी समझाई गई।वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पढ़ाई,रचनात्मकता और नई जानकारियां हासिल करने के लिए एआई आधारित उपकरणों का सकारात्मक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आगाह किया कि एआई से प्राप्त प्रत्येक जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए बल्कि उसकी सत्यता की जांच करना भी जरूरी है।डिजिटल जिम्मेदारी पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने, साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने,भ्रामक सूचनाओं की पहचान करने और इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल करने के बारे में जानकारी दी गई।वक्ताओं ने कहा कि एआई एक उपयोगी सहायक है लेकिन मानवीय विवेक,मौलिक चिंतन और सही निर्णय लेने की क्षमता का कोई विकल्प नहीं है।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेंद्र दहिया ने कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ नई तकनीकों का ज्ञान देना भी आवश्यक है।ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने और तकनीक का सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग करने की प्रेरणा देती हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से एआई का इस्तेमाल ज्ञान बढ़ाने, रचनात्मक क्षमता विकसित करने और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने में करने का आह्वान किया।कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाना रहा।

बाल श्रम मुक्त इटावा बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण पर जोर

डीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपदीय समिति की बैठक संपन्न

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स एवं बाल श्रम उन्मूलन जनपदीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल श्रमिकों के सर्वेक्षण के लिए संस्था के चयन तथा जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने जिला टास्क फोर्स के सभी सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान बाल श्रम से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान की जाए, ताकि ऐसे बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया जा सके। इसके साथ ही बाल श्रम के विरुद्ध नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिन्हित बाल श्रमिकों व उनके परिवारों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बाल श्रमिकों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विद्यालयों में उनका नामांकन कराया जाए। साथ ही बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों से जोड़ने की दिशा में भी कार्य किया जाए।बैठक में सहायक श्रमायुक्त कुलदीप सिंह ने बाल श्रम सर्वेक्षण की प्रक्रिया, श्रम विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई तथा बाल श्रम उन्मूलन के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बाल श्रम से प्रभावित क्षेत्रों की पहचान, सर्वेक्षण के लिए संस्था के चयन और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से संबंधित बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी, प्रोबेशन से संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, प्रेम हेल्प एंड डेवलपमेंट सोसाइटी निदेशक प्रेम कुमार शाक्य, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, चाइल्ड हेल्पलाइन, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तिलथी गांव में डेंगू का कहरः घर-घर बीमार, 300 तक पहुंची मरीजों की संख्या

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर। चील्ह थाना क्षेत्र के तिलथी गांव में डेंगू के बढ़ते प्रकोप से हड़कंप मचा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में करीब 300 लोग डेंगू की चपेट में हैं, शायद ही कोई घर बचा हो जहां कोई बीमार न हो। ग्रामीणों ने बताया कि बिंदु देवी, प्रीतु दुबे, सीमा दुबे, शिशु दुबे, ममता दुबे, प्रदीप कुमार, परमेश्वर, कविता, प्राची, अनमोल सहित बड़ी संख्या में लोग पीड़ित हैं। कई मरीज सरकारी अस्पताल में तो बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों पुरजागीर, गोपीगंज, तिलही, ओखला और मिर्जापुर में भर्ती हैं।? ग्रामीणों का आरोप है कि बीमारी फैलने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग खामोश है। बताया जा रहा है कि 27 अक्टूबर 2026 को मां विंध्यवासिनी स्वशासी मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल स्थित प्रयोगशाला में ममता दुबे की जांच रिपोर्ट भी आई है, जिससे स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और सीएमओ से तत्काल स्वास्थ्य शिविर, घर-घर सर्वे, जांच, छिड़काव और लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

नदी में कूदी महिला, युवकों ने जान पर खेलकर बचाया, रेफर

पानी-पूरी की ठेली लगाने वाले अंकित समेत युवकों ने दिखाई तत्परता, डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुचाई गई महिला

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बल्लापुर गांव स्थित जुआ पुल पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक 21 वर्षीय महिला ने जुआ स्थित सेंगर नदी में छलांग लगा दी। महिला को नदी में डूबता देख पुल के पास मौजूद युवकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी में छलांग लगा दी। युवकों की तत्परता से महिला को नदी से बाहर निकाल लिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने महिला को अजीतमल सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर होने के कारण मेडिकल कॉलेज चिचैली रेफर कर दिया। तिलकपुर निवासी शिवांजली (21) पत्नी आशीष कुछ दिन पहले अपने मायके बल्लापुर स्थित जुआ गांव आई थी। गुरुवार को वह जुआ पुल पर पहुंची और अचानक सेंगर नदी में छलांग लगा दी। महिला को नदी में डूबता देख मौके पर मौजूद लोगों में हलचल मच गई। इसी दौरान पुल के पास पानी-पूरी की ठेली लगाने वाले अंकित कुमार समेत अन्य युवकों ने हिम्मत और तत्परता दिखाते हुए नदी में छलांग लगा दी। और कड़ी मशक्कत के बाद युवकों ने महिला को नदी से बाहर निकाल लिया। युवकों ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज चिचैली रेफर कर दिया। महिला ने किन परिस्थितियों में नदी में छलांग लगाई, इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है। वहीं, युवकों की सूझबूझ और साहस की लोगों ने सराहना की है, महिला को समय रहते नदी से बाहर निकालने की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

करवा चौथ पर उजड़ा सुहाग, सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

पत्नी और दो मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल, परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। करवा चौथ के त्योहार पर एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। पत्नी अपने पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखती है, वहीं सड़क हादसे में पति की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। फफूंद थाना क्षेत्र के जैतपुर के डेरा बंजारन निवासी 40 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र यशपाल सिंह नायक की बुधवार देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। पत्नी सुमन देवी और आठ वर्षीय बेटी अंशिका व पांच वर्षीय बेटे कान्हा का रो-रोकर बुरा हाल है। मुकेश कुमार बुधवार शाम बाइक से दवा लेने बाजार जा रहे थे। राधाकृष्ण इंटर कॉलेज के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें चिचौली रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया।

करवा चौथ के त्योहार पर पति की मौत से पत्नी सुमन देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दो छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार की इस दर्दनाक घटना से गांव में भी शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि अस्पताल से मेमो प्राप्त हुआ था। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

पीईटी परीक्षा को लेकर डीएम-एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

22 केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था परखी, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और यातायात प्रबंधन के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की पीईटी परीक्षा-2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में परीक्षा के लिए बनाए गए 22 केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसएसपी ने केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ जिम्मेदारी निभाने तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। प्रशासन और पुलिस का उद्देश्य परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना तथा परीक्षार्थियों की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करना है।

आटा चक्की की आड़ में अवैध कारोबार बेसमेंट से मिला 103 किलो अवैध विस्फोटक एक गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। दीपावली के त्योहार से पहले अवैध पटाखों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एरवाकटरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई। पुलिस ने उमरैन में एक आटा चक्की के बेसमेंट से 103 किलोग्राम अवैध पटाखे और आतिशबाजी बरामद की। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सुतियानी रोड पर गयादीन इंटर कॉलेज से करीब 200 मीटर आगे स्थित आटा चक्की के बेसमेंट में अवैध पटाखे रखे हुए हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष गंगादास गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। तलाशी के दौरान चार बोरियों में रखे अलग-अलग कंपनियों के पटाखे, फुलझड़ियां, रॉकेट और अन्य आतिशबाजी बरामद हुई। इनका कुल वजन 103 किलोग्राम बताया गया है। पुलिस ने मौके से रामवीर सिंह (40) पुत्र रामदत्त शाक्य निवासी उमरैन, थाना एरवाकटरा, औरैया को गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर थाना एरवाकटरा में मुकदमा अपराध संख्या 164/ 2026 के तहत विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 5/9-बी(1)(बी) में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

पदयात्रा में जुटेंगे समाज के विभिन्न वर्गों के लोग



प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। आगामी 4 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' का संदेश लेकर आयोजित होने वाली विशाल पदयात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि कार्यक्रम के तहत जो भी कार्यकर्ता व्यवस्था में लगे हैं वे पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में लग जाएं। विपक्ष के मंसूबों को कामयाब नहीं होने देना है। देश प्रदेश समाज को अस्थिर करने की जो कोशिश की जा रही है उसका जवाब होगी ये पदयात्रा। जिला उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी को कार्यक्रम का जिला संयोजक बनाया गया है। डॉ शैलेश पांडेय, विक्रमजीत सिंह भदौरिया, कुंज बिहारी मिश्रा , अनुज कुशवाहा, प्रमोद मोदी, विजय श्रीवास्तव, दीप द्विवेदी, मंजीत कुशवाहा, पवन श्रीवास्तव, कौशिकी सिंह, सचिन जायसवाल, दिलीप केसरवानी, मयंक दुबे, यश विक्रम त्रिपाठी, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

अचानक तबीयत बिगड़ने से मजदूर की मौत से परिवार में मचा कोहराम

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के सेगनपुट्ठा स्थित तिलक ईंट उद्योग में काम करने वाले एक मजदूर की अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन और मौजूद साथी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मजदूर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।अयाना थाना क्षेत्र के कटघरा गांव निवासी मनीष (50) पुत्र गेंदालाल पिछले करीब 20 वर्षों से तिलक ईंट भट्ठा पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था, काम के दौरान मनीष की अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। हालत खराब होने पर परिजन और भट्ठे पर मौजूद अन्य साथी आनन-फानन में सीएचसी अजीतमल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके।? मनीष की मौत से पत्नी राधा और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक अपने पीछे पत्नी राधा, तीन पुत्र अनिल, अंकित और मोहित तथा एक पुत्री सोनी को छोड़ गए हैं। मजदूर की मौत के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इन्कार कर दिया। इस पर पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

मां से नाराज होकर घर से गया बालक, गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से सकुशल मिला

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत बसरेहर पुलिस ने मां से नाराज होकर घर से निकले 14 वर्षीय बालक को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बेटे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस की सराहना की।जानकारी के अनुसार, थाना बसरेहर क्षेत्र के ग्राम किल्ली निवासी सुमित पुत्र हरिश्चंद्र अपनी मां से नाराज होकर घर से चला गया था। इसकी सूचना मिलते ही एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर थानाध्यक्ष बसरेहर बलराज भाटी ने पुलिस टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू कराई।पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कार्यवाही पूरी करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बालक के सुरक्षित वापस मिलने पर परिजनों ने एसएसपी और पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

संचेतना ग्रुप ऑफ कॉलेज में नवाचार और एआई पर कार्यशाला, साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित संचेतना ग्रुप ऑफ कॉलेज में शुक्रवार को नवाचार एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जसवंतनगर क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, नवाचार विशेषज्ञ डॉ. सुदर्शन त्रिपाठी, आईपीआर एवं एआई विशेषज्ञ अंशु सिंह और प्रबंधक डॉ. सीमा यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

साइबर अपराध से बचाव के टिप्स : सीओ आयुषी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तकनीकी विकास के साथ साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, फर्जी वेबसाइट, ओटीपी शेयर करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। जागरूकता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

एआई भविष्य तय करेगा : डॉ. सुदर्शन त्रिपाठी ने कहा कि एआई शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग हर क्षेत्र में बदलाव लाएगा। विद्यार्थी नए विचारों को व्यावहारिक रूप दें और उद्यमिता को बढ़ावा दें। अंशु सिंह ने एआई के सकारात्मक और जिम्मेदार उपयोग, नैतिकता और सावधानी पर जोर दिया। कार्यशाला में स्टार्टअप और तकनीकी विचारों पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. विकास श्रीवास्तव, विनोद कुमार रजक सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दादा-नाती की मौत से गमगीन हुआ बैरागीपुर, वीरेंद्र सरोज 'फौजी' ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात

प्रातः काल एक्सप्रेस



कौशांबी। मंझनपुर विधानसभा क्षेत्र के बैरागीपुर निवासी स्वर्गीय छोटे लाल निषाद (70 वर्ष) और उनके मासूम नाती अमन निषाद (10 वर्ष) के सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को छीन लेने वाली इस दुखद घटना से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।दुःखद समाचार मिलने पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज 'फौजी' शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत दादा-नाती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान वीरेंद्र सरोज 'फौजी' ने कहा कि छोटे लाल निषाद और मासूम अमन निषाद का असमय निधन बेहद पीड़ादायक है। इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और हर संभव सहायता एवं सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।दादा और मासूम नाती की एक साथ मौत से परिवार में मातम पसरा है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है।

संक्षिप्त डायरी

एक नवंबर की महारैली के लिए पटौदी में कांग्रेस ने झोंकी ताकत

एजेंसी

पटौदी। कांग्रेस ने एक नवंबर को होने वाली वोट अधिकार-देश बचाओ महारैली की तैयारियां पटौदी विधानसभा क्षेत्र में तेज कर दी हैं। बुधवार को वार्ड नंबर-13 स्थित हरिराम वाली चौपाल में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। हरियाणा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल मलिक ने बैठक का नेतृत्व किया। गुरुराम ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वर्धन यादव ने झंडा की अध्यक्षता की। नेताओं ने महारैली में अधिकतम भागीदारी, जनसंपर्क बढ़ाने और संगठन को सक्रिय करने की रणनीति बनाई। धर्मपाल मलिक ने मताधिकार को पारदर्शिता और निष्पक्षता को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। वर्धन यादव ने कहा कि यह रैली लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने दावा किया कि पटौदी सहित पूरे गुरुग्राम जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। बैठक में सुकेश पवन चौधरी, सुनीता वर्मा और मनोज कुमार पार्षद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांकरौला गांव में 4.25 करोड़ से बनेगी 2 किलोमीटर लंबी आरसीसी सड़क

एजेंसी

मानेसर। नगर निगम मानेसर कांकरौला गांव में सड़क निर्माण, सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन डालेगा। इस परियोजना पर करीब 4 करोड़ 25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। निगम जल्द ही टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू करेगा। वार्ड पार्षद के अनुसार, जीएमडीए को सड़क से गांव के प्रवेश द्वार तक करीब दो किलोमीटर लंबी आरसीसी सड़क बनाई जाएगी। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी। गांव के लोग गलियों में गंदा पानी जमा होने से परेशान हैं। जलभराव के कारण उन्हें रोजाना दिक्कतें होती हैं, खासकर बारिश में। सड़क और सीवर लाइन बनने से इन समस्याओं से राहत मिलेगी। निगम टेंडर प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू करने की तैयारी में है। कांकरौला गांव में लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सड़क निर्माण, सीवर लाइन और पानी की पाइपलाइन डालने की योजना बनाई गई है। जीएमडीए की रोड से गांव के प्रवेश द्वार तक करीब दो किलोमीटर लंबी आरसीसी सड़क बनाई जाएगी। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। – सुशील ठाकरान, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम मानेसर

स्वरस्राव के लिए डीएलएफ में बिजली कटौती

एजेंसी

गुरुग्राम । डीएलएफ फेज-2 में गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बिजली नहीं रहेगी। बिजली निगम की ओर से रखरखाव के कार्य के कारण बिजली काटे जाने की सूचना दी गई है। सब अर्शन कार्यकारी अभियंता और डीएलएफ के एसडीओ ने इस आशय जारी पत्र में कहा कि इससे इलाके के 11 फीडर प्रभावित होंगे। इलाके के 25 /31.5 एमवीए और 66/11 केवीए सबस्टेशन के पावर ट्रांसफार्मर के मरम्मत कार्य को लेकर बिजली काटी जानी है। इससे सेंट्रल आर्केड, कॉरपोरेट पार्क, डीएलएफ फेज -3, बेसमेंट, आरके, जीएच ब्लॉक, मेट्रो चौक, इफको चौक, अटारिया और डीएलएफ आर ब्लॉक, रेनकॉन और जीएमडी के 11 केवी के फीडरों से जुड़ी लाइनें इस दौरान प्रभावित होंगी।

दौलताबाद में एमसीजी ने ध्वस्त किए दो आरएमसी प्लांट

एजेंसी

गुरुग्राम । नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) ने रेडी मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) प्लांटों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को हुई कार्रवाई सहित दो दिन में कुल दस आरएमसी प्लांट हटाए गए हैं। यह कार्रवाई सहायक अभियंता हरिकेश की टीम ने की। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। निर्माण गतिविधियों से होने वाले धूल और वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाना आवश्यक है। निगमायुक्त प्रदीप चंद्रिया ने कहा कि आरएमसी प्लांटों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित निगरानी अभियान भी आगे जारी रहेगा। प्रभावी निगरानी और प्रवर्तन कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना गया है।

गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे पर खवासपुर फ्लाईओवर किया बंद

एजेंसी

गुरुग्राम । गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी हाईवे (एनएच-352डब्ल्यू) पर स्थित खवासपुर फ्लाईओवर को शिटुमिनस कंक्रीट (बीसी) लेयर डालने के लिए बंद किया गया है। यह सड़क निर्माण के अंतिम चरण का काम है, जिसके कारण यातायात को डायवर्ट किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के अनुसार, फ्लाईओवर पर डेंस शिटुमिनस मैकाडम (डीबीएम) लेयर पहले ही बिछाई जा चुकी थी। अब मजबूती और स्मूथ फिनिशिंग के लिए नई बीसी लेयर डाली जा रही है। इसका उद्देश्य हाईवे को सुरक्षित और गड्ढा मुक्त बनाना है। बीसी लेयर डालने और उसके सेट होने में कुछ समय लगेगा। इस दौरान वाहनों को सर्विस रोड की तरफ डायवर्ट किया गया है। पीक ऑवर्स में सर्विस रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ने से हल्का जाम लग रहा है। हालांकि, हाईवे बनने के बाद खवासपुर गांव के पास जाम से मुक्ति मिली है। खवासपुर फ्लाईओवर पर शिटुमिनस कंक्रीट (बीसी) की लेयर डालने की वजह से कुछ दिन के लिए रास्ता बंद किया गया है। काम पूरा होते ही फ्लाईओवर को वाहनों के लिए खोला जाएगा। -अक्षय गुप्ता, डिप्टी जनरल मैनेजर, एनएचएआई

युवा संसद में गूंजी महिला सुरक्षा की आवाज

एजेंसी

गुरुग्राम। फर्रुखनगर स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौवीं से 12वीं तक के 50 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। युवा सांसदों ने महिला सुरक्षा, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को उठाया। विद्यार्थियों ने संसद की कार्यप्रणाली के माध्यम से इन समस्याओं पर अपने विचार रखे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) गुरुग्राम की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय कार्यप्रणाली और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम डाइट प्रिंसिपल एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुमिता रानी के नेतृत्व में और वरिष्ठ प्रवक्ता अरुण कुमार राघव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता अरुण कुमार राघव, राम किशन नरूला, कार्यक्रम ऑब्जर्वर कनिका भारद्वाज, विद्यालय की प्रधानाचार्य गीतिका शर्मा और प्रवक्ता नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में राजनीति विज्ञान की प्रवक्ता अवधेश, शशि यादव और कृष्ण पाल शामिल रहे। जिला युवा संसद प्रतियोगिता के तहत 23 से 28 अक्तूबर तक जिले के विभिन्न खंडों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें करीब 200 विद्यार्थियों और 20 शिक्षकों ने भाग लिया। जिला स्तर पर विजेता टीम की घोषणा डाइट गुरुग्राम की ओर से जल्द की जाएगी। विजेता टीम आगामी प्रतियोगिता में गुरुग्राम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

त्योहारों से पहले सेंट्रल नोएडा में पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, 1667 वाहन और 2315 लोगों की जांच

एजेंसी

नोएडा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेंट्रल नोएडा जोन में विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। 27 अक्टूबर 2026 को चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस ने प्रमुख चौराहों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, औद्योगिक इलाकों और संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की। अभियान के दौरान कुल 1667 वाहनों और 2315 व्यक्तियों की सघन जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 212 वाहनों के चालान किए गए, जबकि दो वाहनों को सीज किया गया। पुलिस



कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में चलाए गए अभियान का नेतृत्व डीसीपी सेंट्रल नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने किया। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा सुशांत कुमार सिंह के सिंकट पर्यवेक्षण में सेंट्रल नोएडा जोन के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों को तैनात किया गया। अभियान में थाना फेज-2, फेज-3, सेक्टर-63, सिरसपुर, बादलपुर, यूएलयू, इकोटेक-3 और सेक्टर-142 पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए कुल 42 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने 42 प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग की। पुलिसकर्मियों ने आते-जाते वाहनों की जांच करने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। त्योहारों के दौरान बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक स्थानों पर निगरानी बढ़ाई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कुल 212 वाहनों के चालान किए गए और नियमों के उल्लंघन के मामलों में तीन वाहनों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था भंग करने और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए 914 व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 202 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने अभियान के दौरान बैंक, एटीएम, होटल, धर्मशाला और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, प्रमुख चौराहों और औद्योगिक क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं वस्तुओं की गहन जांच कराई गई। पुलिस का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखना रहा। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त करने और प्रभावी पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस पूरे सघन चेकिंग अभियान का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बनाए रखना रहा। इस

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी

2,72,986 कृषकों के खातों में पंहुची 54,59,72000 रूपये की धनराशि

प्रातकाल एक्स्प्रेस

सहारनुपर । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का स्थानान्तरण मा0 प्रधानमंत्री जी के द्वारा गुजरात राज्य के बनासकांठा से किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्टेट्ट स्थित नवीन सभागार में अपरजिलाधिकारी न्यायिक रामआसरे वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इसी के साथ सभी विकासखण्डो में भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।



अपर जिलाधिकारी न्यायिक रामआसरे वर्मा द्वारा किसान लाभाथिर्यों को 24वीं किस्त का प्रमाण पत्र तथा निःशुल्क उर्द बीज मिनिकिट देकर सम्मानित किया गया एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम में विभिनन् विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। उप कृषि निदेशक सन्दीप पाल ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 24वीं किस्त में 2,72,986 कृषकों को रूपये 54,59,72000 (चौवन करोड़ उनसठ लाख बहत्तर हज़ार) की धनराशि लाभाथिर्यों के खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भेजी गयी है। कलेक्ट्रेट सभागार में सोनी कुशवाहा, रविन्द्र बर्नवाल, नौरतु सिंह बादल, महक सिंह, सहित 185 कृषको के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

आज आयोजित होगा अप्रेन्टिसशिप मेला

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिस मेला योजना के अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 31 अक्टूबर 2026 को शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से अधिक से अधिक अभ्याथिर्यों को अप्रेन्टिसशिप दिलाई जा सके। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने से पूर्व अभ्यार्थी अपना पंजीकरण वेबसाइट ःज्ीजहूमेपज्र्ह्ीं.ुदन.ग्ह पद पर कर लें। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो आई0टी0आई0, पास हो तथा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो, वह 31 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे से सांय के 3:00 बजे तक अपना बायो डाटा एवं शैक्षित प्रमाण-पत्र के साथ अप्रेन्सिशिप मेले में प्रतिभाग कर सकते है।

25 हजार के इनामी अभियुक्त गिरफ्तार, 3000 के जाली नोट बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने 25 हजार के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर 3000 रुपये के जाली नोट बरामद किए। 29 अक्टूबर 2026 को वादी कृष्णाकांत दुबे निवासी दुबोली, बक्सर (बिहार) ने तहरीर दी थी कि शाहनवाज पुत्र आरिफ निवासी मिर्जापुर सहारनपुर, विशाल त्यागी निवासी दिल्ली और अन्य ने षड्यंत्र रचकर उन्हें नकली नोट दिए। थाना सदर बाजार में मुकदमा संख्या 541/26 धारा 318(4), 178, 179, 180 सहित बीएनएस की विभिनन् धाराओं में केस दर्ज हुआ।एसएसपी के निर्देशन में एसपी सिटी और सीओ सिटी द्वितीय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नेमचंद सिंह की टीम ने अभियुक्त शाहनवाज पुत्र आरिफ निवासी मिर्जापुर को भट्ठा कॉलोनी तिराहे से गिरफ्तार किया। उसके पास से 500-500 के 6 नोट कुल 3000 रुपये जाली करेंसी मिली। यह थाना मिर्जापुर से 25 हजार का इनामी भी है।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह दिल्ली के साथी के साथ मिलकर लंबे समय से नकली नोट और पुराने नोटों का अवैध कारोबार करता है। साथ ही भाई हसन और भतीजे अर्सलान व अन्य के साथ अवैध हथियारों का धंधा भी करता है, जो पंजाब से लाकर बेचते है।



10 तारीख को हसन और अर्सलान को थाना मिर्जापुर पुलिस ने हथियारों के साथ पकड़ा था, वह फरार हो गया था। गिरोह हथियारों के बल पर डरा-धमकाकर जमीन खरीद-बिक्री का काम भी करता है।

गंगोह में ट्यूबवेल से चोरी का खुलासा, 1 गिरफ्तार



सहारनपुर। थाना गंगोह पुलिस ने ट्यूबवेल से सामान चोरी की घटना का खुलासा करते हुए 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। 30 अक्टूबर 2026 को वादी राशिद पुत्र रशीद निवासी मोहल्ला गुलाम औलिया गंगोह ने तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर उनके ट्यूबवेल के कमरे से स्टार्टर, केबल कटआउट और इलेक्ट्रॉनिक ऑपरेटर चोरी कर ले गए। थाना गंगोह में मुकदमा संख्या 493/26 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत केस दर्ज हुआ।

एसएसपी के निर्देश पर एसपी ग्रामीण और सीओ गंगोह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शौकीन पुत्र रिजवान निवासी गुलाम औलिया गंगोह को बुड्ढाखेड़ा रोड पर एक ट्यूबवेल के पास से पकड़ा। उसके कब्जे से चोरी किया गया स्टार्टर, केबल कटआउट और ऑपरेटर बरामद हुआ।बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस बढ़ाई गई है।

बेमौसम बारिश से सरसो की फसल की बुवाई हुई प्रभावित वहीं धान ओर उड़द की फसल पर भी संकट मंडराया



प्रातःकाल एक्सप्रेस

चिलकाना। चक्रवात के कारण हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बारिश के चलते खेतों में पानी भरने और तेज हवाओं से जहाँ सरसो की फसल की बुवाई प्रभावित हुई है वहीं बारिश से धान की फसल के गिरने के कारण कटाई भी प्रभावित हुई है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शादिराम सैनी ने बताया कि धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार है, लेकिन असमय बारिश से फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं, किसानो को खेतों में जलभराव के कारण सरसो की फसल की बुवाई में देरी होने की चिंता सता रही है। महमूद कुरैशी ओर यूसुफ कुरैशी आदि किसानो ने बताया कि बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी उड़द की फसल भी खराब होने की आशंका है। उन्होंने बताया की बारिश मे कटी हुई उड़द की फसल मे अंकुर निकलने शुरू हो सकते हैं, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होगी ओर बारिश से फसलों की कटाई और सुरक्षित भंडारण की समस्या भी खड़ी होगी।

घर के सामने लगे कूड़े के ढेर से परिवार हुआ संक्रामक बीमारियों का शिकार

प्रातः काल एक्सप्रेस संवादाता

चिलकाना। क्षेत्र के गांव दूधगढ में एक घर के सामने डाले गये कूड़े के ढेर से पूरा परिवार संक्रामक बीमारियों का शिकार हो रहा है। पीडनित परिवार के मुखिया मुरसलीन पुत्र सलीम निवासी ग्राम दूधगढ ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके घर के सामने विपक्षियों का प्लॉट है जिसमें वह अपने पशुओं का मल-मूत्र, घर का कूड़ा कर्कट आदि डालता है। पीडनित ने बताया कि घर के दरवाजे के सामने डाले गये इस अपशिष्ट के कारण उसका परिवार संक्रामक बीमारियों का शिकार हो रहा है। जिससे उसे दवाइ्यां आदि खरीदने पर भरी धन हानि हो रही है। उन्होंने बताया कि यदि विपक्षियों से इसके बारे में कहा गया तो विपक्षी गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गये। पीडनित का कहना है कि इस संबंध में लगभग एक माह पूर्व पुलिस चौकी पठेड व थाना चिलकाना पर तहरीर दी गयी, लेकिन कोई कार्यवाही



नहीं हुई। अन्त में पीडनित ने मुख्यमंत्री पोर्टल व स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत भी अपनी शिकायत दर्ज करायी, लेकिन तीन सप्ताह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।? पीडनित ने विपक्षियों के ख़िलाफ़ कानूनी कार्यवाही करते हुए कूड़े के निस्तारण अथवा प्लॉट की बाउंड्री वॉल कराये जाने की मांग की है।

दीपावली-छठ पर योगी सरकार का तोहफा, 12 दिन चलेंगी अतिरिक्त बसें

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखनऊ। दीपावली और छठ पर यात्रियों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने विशेष बस संचालन की तैयारी की है। यूपी रोडवेज 6 नवंबर से 17 नवंबर तक अतिरिक्त बसें चलाएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए कि दिल्ली से पूर्वांचल, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर के लिए अतिरिक्त बसें चलें। गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, इटावा के लिए भी बसें बढ़ेंगी। 60इ से अधिक यात्री मिलने पर अतिरिक्त सेवा शुरू होगी। सभी बसें सड़क पर उतरेंगी :प्रोत्साहन अवधि में निगम की सभी फिट बसों को 100इ सड़क पर उतारा जाएगा। अनुबंधित बसों को भी तैयार रखने को कहा गया है। इस दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां नहीं मिलेंगी। 400 रुपये प्रतिदिन प्रोत्साहन : चालक-परिचालकों को 11 दिन ड्यूटी और प्रतिदिन 300 किमी चलाने पर 4,400 रुपये और 12 दिन पर 4,800 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। अतिरिक्त किमी पर 55 पैसे प्रति किमी भी मिलेगा। इलेक्ट्रिक बस चलाने पर 1,000 रुपये अतिरिक्त। कार्यशाला कर्मचारियों को 12 दिन पर 2,500 और 11 दिन पर 2,100 रुपये मिलेगा। सुरक्षित सफर के लिए सभी चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच होगी।

राम, केवट संवाद की लीला देख भाव विभोर हुए श्रोता



प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा कस्बे में रामलीला के चौथे दिन बृहस्पतिवार की रात राम वनवास, केवट संवाद, पंचवटी विश्राम की लीला का मंचन फतेहपुर कलाकारों द्वारा किया गया।आयोजित रामलीला में भगवान राम, लक्षमण, व मां सीता वन जाने को तैयार हो गये। राजा दशरथ ने मंत्री सुमंत को उनके साथ भेजा तथा बोले कि श्रीराम को वन में घुमाकर वापस ले आना, मंत्री सुमंत राम जी से वापस लौटने का अनुरोध किया। श्रीराम वन को चल देते है। रास्ते में उनकी मुलाक़ात बचपन के मित्र निषाद राज भील से होती है। निसादराज के साथ वन में विचरण करते हुए श्रृंगवेरपुर गंगा तट पर पहुंचते है। वहां केवट की प्रतीक्षा करते है। इसके बाद राम, केवट का संवाद होता है। मांगी नाव न केवट आना, कहीं तुम्हारा मर्म मै जाना। उसके बाद केवट भगवान राम के चरण पखार कर तथा परिजनों को चरणामृत पिलाकर उन्हें गंगा पार उतारते है।केवट के सिर पर हांथ रख देते है। इधर, हाय राम, हाय राम कहकर वियोग में राजा दशरथ प्राण त्याग देते हैं। फिर गुरु वशिष्ठ की आज्ञा पर भरत औ शत्रुघन को ननिहाल से बुलाया जाता है। जब भरत को माता कैकयी के वचनों के बारे में पता लगता तो उनका मन ग्लानि से भर जाता है। गुरु वशिष्ठ उनको आज्ञा देते हैं कि वियोग को छोड़कर तुम पिता का अंतिम संस्कार करो और भरत पिता का अंतिम संस्कार करते हैं। इस दौरान कमेटी के सौरभ केसरवानी , अरविंद केसरवानी , आशीष मोदनवाल , विपिन मोदनवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र से रामलीला देखने महिला और पुरुष पहुंचे।

सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सहारनपुर पुलिस की सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। आगामी त्यौहारों एवं जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से सहारनपुर पुलिस द्वारा सघन पैदल गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगातार पैदल गश्त की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग करते हुए आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित कर रहे हैं । सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य स्पष्ट है–जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखते हुए प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना।सहारनपुर पुलिस – आपकी सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता।



पीईटी परीक्षा केंद्रों का एएसपी ने किया निरीक्षण, पुलिसकर्मियों को दिए सुरक्षा के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन संपनन् कराने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क है। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय ने जनपद के विभिनन् परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने बहुआ इंटर कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज बहुआ और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पहुंचकर पुलिस ड्यूटी की स्थिति देखी। उन्होंने तैनात पुलिसकमिर्यों की सतर्कता और मुस्तैदी परखी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए। अभ्यथिर्यों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए। परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के साथ किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पुलिसकर्मी आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ जिम्मेदारी निभाएं। फतेहपुर पुलिस ने परीक्षा को सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण में संपनन् कराने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी किए जाने की बात कही है।



सगे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद



प्रातः काल एक्सप्रेस

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना पुलिस ने सगे भाई पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के आरोपी राजेंद्र सिंह (58) निवासी गुनीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, रुपये के लेनदेन को लेकर भाई राजेश सिंह से हुए विवाद में आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। मामले में बीएनएस की धारा 109(1), 115(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विवेक कुमार और कांस्टेबल प्रह्लाद शामिल रहे।

पूर्व छात्रों ने विद्यालय में बनवाया ईंट का मार्ग, बच्चे जहरीले जंतुओं से हुए सुरक्षित

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह वार्ड नंबर 9 स्थित संविलियन प्राथमिक विद्यालय सराय भूपति और को-लोकेटेड आंगनवाड़ी में बच्चों की सुरक्षा के लिए पूर्व छात्रों ने सहयोग किया। कुछ दिन पहले जहरीले जंतु कक्षा में आ गए थे। इस पर शिक्षकों ने पूर्व छात्रों से सहयोग मांगा। पूर्व छात्र सभासद पुत्र दीपक जायसवाल ने बच्चों के आने-जाने के लिए ईंट का मार्ग बनवा दिया, जिससे बच्चे अब सुरक्षित आ-जा सकेंगे। प्रभारी प्रधानाध्यापक बालेंदु प्रताप सिंह और राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक मोहम्मद फरहीम ने कहा कि अब बच्चों के लिए खतरा नहीं रहेगा। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्षा ममता साहू और श्वेता अग्रहरि ने पूर्व छात्रों का आभार जताया। क्षेत्र में इस कार्य की खूब सराहना हो रही है।

